● जयपुर, शनिवार, 18 नवंबर 23● वर्ष 01 ● अंक 92 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये

www.chamaktarajasthan.com | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2022-23

RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक

राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 जयपुर विकास प्राधिकरण ने करी अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण...

पेज @4 मोदी के प्रकट होने से पहले हिंदुस्तान परमाणु शक्ति बन...

पेज @8 निर्दलीय प्रत्याशी आलोक बेनीवाल के जनसंपर्क अभियान ने पकड़ा...

# भाजपा का उद्देश्य राष्ट्र सर्वोपरी, सुशासन और अत्योंदय तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाकर उनका उत्थान करना: नितिन गडकरी

## दिल्ली-जयपुर के बीच चलेगी इलैक्ट्रिक बसें, दो घंटे में तय होगा सफर और किराया डीजल बस से भी कम

चमकता राजस्थान

जयपुर, !(खलील कुरैशी)17 नवंबर 2023। भाजपा प्रदेश मीडिया सेंटर पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जयपुर के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी और कहा कि विकास को लेकर सदैव भाजपा की कटिबद्धता रहती है। भाजपा के मुख्य रूप से तीन उद्देश्य हैं, जिसमें राष्ट्रवाद जो कि हमारी आत्मा है और राष्ट्र सर्वोपरि यही भाव पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। दूसरा सुशासन और विकास और तीसरा पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आर्थिक और सामाजिक चिंतन से अत्योंदय तक जो कि सामाजिक आर्थिक दृष्टि से पिछड़े हुए जिनके पास रहने के लिए मकान व कपड़ा नहीं है उस दरिद्र को नारायण मानकर निरंतर सेवा करते रहना। लोकतंत्र में जब हम सत्ता में रहते हैं तो गुड गवर्नेंस के द्वारा इन उद्देश्यों को पूरा करना और विपक्ष में रहेंगे तो लोकतंत्र में विपक्ष की भूमिका में अपना काम करना यही हमारा उद्देश्य है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में भी इसी उद्देश्य को पूरा रखकर उनके नेतृत्व में सरकार में काम किया और 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी पार्टी को बहुत अच्छी मेजोरिटी मिली और इसी उद्देश्य के साथ हम काम कर रहे हैं।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि हमारा भारत विश्व गुरु बने अभी हम दुनिया में आर्थिक ताकत के रूप में उभरकर सामने आए हैं और भारत अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर पांचवां बड़ा देश बना है। इसी रफ्तार से हम आगे चलकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे। वहीं 5



ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लक्ष्य को लेकर आत्मनिर्भर भारत बनाने के उद्देश्य के साथ हम काम कर रहे हैं। हमारी नीतियां गांव, गरीब, किसान और मजदूर का कल्याण करके हम किस प्रकार से प्रगति और विकास की ओर जा सकते हैं उसी के आधार पर हम काम कर रहे हैं। आज भारत में 5 करोड़ परिवारों को हमारी सरकार में पक्के घर दिए गए जिसमें से 20 लाख परिवारों को राजस्थान में मकान मिले, भारत में 12 करोड़ से अधिक शौचालय बने राजस्थान में 83 लाख परिवार को शौचालय मिले। वहीं जल जीवन मिशन के तहत 7 करोड़ से अधिक परिवारों को पानी मिला, और राजस्थान में 40 लाख से अधिक परिवारों को किसान सम्मान निधि के तहत पैसा मिला। राजस्थान में हमने 23 नए मेडिकल कॉलेज खोले हैं जो स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है और हमने देशभर में 10 करोड़ से अधिक माता बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए हैं। जिसमें से राजस्थान के 70 लाख से अधिक परिवारों के पास गैस कनेक्शन पहुंचे।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि कोरोना काल के दौरान देश में 80 करोड़ देशवासियों को मुफ्त राशन दिया गया जिसमें करीब 4 करोड़ से अधिक राजस्थान के लाभार्थी हैं। राजस्थान की सबसे बड़ी समस्या पानी की है। लंबे समय से राजस्थान में पीने के पानी की उपलब्धता काफी कम थी जिसके चलते बड़ी संख्या में लोगों ने पलायन भी किया है। जब मैं जल संसाधन मंत्री था तब करीब पांच योजनाएं ऐसी थी जिसका बड़े पैमाने पर राजस्थान को फायदा हुआ। मेरे कार्यकाल के समय लखवाड बहु उद्देश्य परियोजना जो 5747 करोड़ की थी और 40 साल से लटकी पड़ी थी उसको हमने शुरू किया। इसमें छह राज्यों को पानी मिलना था जिसमें राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में समझौता कराना था। कई सालों से इस तरह के 26 झगड़े चल रहे थे जिसमें से हमने 19 झगड़ों को समाप्त करवाया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जिन राज्यों के बीच पानी को लेकर झगड़ा चल रहा था इस परियोजना को शुरू करने के बाद 79 प्रतिशत शुद्ध पानी मिलेगा और राजस्थान की 34000 हैक्टेयर जमीन इससे सिंचिंत होगी। दूसरी रेणुका बांध परियोजना यह राजस्थान सहित अन्य राज्यों से जुड़ी परियोजना है जिसमें समझौता करवाया राजस्थान में इस योजना से करीब ढाई लाख हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इसके बाद किसाऊ बांध परियोजना को चालू करवाया। राजस्थान की ताजेवाला बांध परियोजना वसुंधरा राजे की एक महत्वपूर्ण योजना थी इसे लेकर तत्कालीन मंत्री राम प्रताप

### राजस्थान में विकास के लिए डबल इंजन की सरकार आवश्यक, केंद्र की योजनाओं का मिलेगा पूरा लाभ

मेरे पास आए इसके बाद हरियाणा से कई बार मीटिंग हुई और राजस्थान को 570 एमसीएम पानी देने की सहमति बनी। राजस्थान के सीकर और झुंझुनू को इस परियोजना का लाभ मिला। राजस्थान में साबरमती परियोजना, पार्वती चंबल संपर्क परियोजना, काली सिंध परियोजना के लिए काम किया। राजस्थान में गोबर से पेंट बनाने की आठ यूनिट वर्तमान में चल रही हैं, यह पेंट सामान्य पेंट से ज्यादा इको फ्रेंडली और विशेष रूप से सस्ता है। राजस्थान में 500 टन पेंट का उत्पादन हो रहा है वहीं छत्तीसगढ़ सरकार ने इस पेंट को अनिवार्य कर दिया।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि राजस्थान में हम 41 हजार करोड़ की लागत से तीन ग्रीन फील्ड हाईवे बना रहे हैं। दिल्ली जयपुर हाईवे पर भी काम चल रहा है जो कि दिसंबर जनवरी तक पूरा हो जाएगा। अमृतसर जामनगर एक्सप्रेस-वे का काम भी चल रहा है जो देश की तीन रिफाइनरी को जोड़ रहा है। अंबाला-कोटपूतली हाईव और जो सबसे मुख्य है वह है जयपुर-दिल्ली इलैक्ट्रिक हाईवे जिसमें पांच बसों को जोड़कर चलाया जाएगा। महज दो घंटे में जयपुर से दिल्ली की दूरी तय की जा सकेगी और इसका किराया भी डीजल बस से काफी कम होगा। इस हाईवे निर्माण में वन्य जीव क्रॉसिंग के लिए ऐतिहासिक काम किया गया है देश में पहली बार राजस्थान में 217 अंडरपास और सात आरओबी बनाए गए हैं। राजस्थान के सरिस्का टाईगर रिजर्व और मुकुंदरा हिल्स सहित रणथंबोर राष्ट्रीय उद्यान में ईको सेंसेटिव सुरंगे बनाई गई है जो भारत में पहली बन रही है। राजस्थान में जयपुर का ग्रीन फील्ड रिंग रोड वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री कार्यकाल के दौरान जिसको टेक ऑफ किया गया उसमें सिर्फ 1261 करोड़ की लागत से 2020 तक काम हुआ और 2500 करोड़ की लागत से 46 किलोमीटर का 6 लेन रोड का काम दिसंबर 2023 तक पूरा हो जाएगा। यह रिंग रोड दिल्ली आगरा बाईपास से अचरोल चोमू तक बनेगा वहीं जयपुर-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग वाले पुराने रोड की काफी समस्या थी जिसको किशनगढ़ तक सुधारा जाएगा इसके लिए 1100 करोड़ की लागत से काम शुरू करवाए गए हैं। आगामी अगस्त 2024 तक यह काम पूरा होगा। अलवर में जो एलिवेटेड रोड बन रहा है वह सरिस्का टाईगर रिजर्व से लेकर थानागाजी के स्वागत बोर्ड तक 2000 करोड़ की लागत से दो लेन का 23 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड रोड बना रहे हैं। इसका डीपीआर दिसंबर तक बन जाएगा इसमें हमारे द्वारा विशेष टेक्नोलॉजी का उपयोग किया गया है, मलेशिया और सिंगापुर से भी अच्छी तकनीकी इसमें काम ली जाएगी। राजस्थान की जनता पर हमें पूरा भरोसा है कि डबल इंजन वाली भाजपा सरकार बनाएगी और विकास को चुनेगी।

## फास्ट टेक

### कुलगाम मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकी ढेर

**कुलगाम/एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में आतंकवाद-रोधी अभियान शुक्रवार को दूसरे दिन भी जारी है। मुठभेड़ के दूसरे दिन सुरक्षाबलों को बड़ी सफलताा मिली है। सूत्रों के अनुसार सुरक्षाबलों ने कुलगाम मुठभेड़ में तीन आतंकियों को मार गिराया है। मारे गए आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। इसके साथ ही इलाके में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है। हालांकि पुलिस ने अभी तक कोई बयान जारी नहीं किया है। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के नेहामा इलाके के समनो में रातभर की शांति के बाद शुक्रवार तड़के गोलीबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को इलाके में आतंकियों के होने की सूचना के बाद कुलगाम के नेहामा गांव की घेराबंदी कर दी थी और खोजबीन अभियान शुरू किया था।

### रेव पार्टी मामला: राहुल ने उगले कई राज-ऑनलाइन ऐप से होती थी सांप और वेनम की डील

**नोएडा/एजेंसी।** नोएडा में सांप तस्करी और रेव पार्टी मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों में से राहुल यादव को दोबारा रिमांड पर लिया है। राहुल यादव की रिमांड दोपहर 12 बजे से शुरू हुई थी। 24 घंटे की इस रिमांड में राहुल से एल्विस यादव और फजलपुरिया समेत लोकेशन आदि अन्य विषयों पर भी पूछताछ हुई। इस दौरान उसने कई महत्वपूर्ण बातें बताईं। रिमांड में पुलिस ने राहुल से उसकी डायरी में मिले फोन नंबर, लोकेशन और मीडिएटर के बारे में जानकारी ली। पुलिस जानना चाहती है कि राहुल कभी उन मीडिएटर से मिला है कि नहीं जिनके एक फोन पर पार्टी में सांप और वेनम लेकर जाता था।

# आदर्शनगर विधानसभा में कांग्रेस का धुआंधार प्रचार, उमड़ रहा है जनसैलाब,मिल रहा है अपार जनसमर्थन

## रफीक खान ने कांग्रेस की आमजन के लिए सात गारण्टी योजनाओं को लेकर आदर्श नगर में जनसंपर्क सभाओं का किया आयोजन

- **जगह-जगह हो रहा अद्वितीय स्वागत सत्कार**
- **जयपुर मेरी जन्मभूमि और आदर्शनगर मेरी कर्मभूमि, मरते दम तक करूंगा सर्व समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा : रफीक खान**

चमकता राजस्थान

जयपुर ( खलील कुरैशी ) कांग्रेस पार्टी से विधानसभा क्षेत्र आदर्श नगर विधानसभा के प्रत्याशी रफीक खान द्वारा लगातार मतदाताओं के बीच पहुंचकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में मतदान कर उन्हें विजयी बनाने की अपील की जा रही है।इसी क्रम में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा आमजन के हितों को लेकर लागू की जाने वाली सात गारण्टी योजनाओं का बखान करते हुए आदर्श नगर, महावतों का चौक, लुहारों का खुर्रा,एच. आर. कोलीनी, जवाहर नगर, जामडोली, कानोता रोड, राजापार्क, एमडी रोड़ बच्चा पार्क, पहुंचा जहां पर रोड शो एवं सभा का आयोजन किया गया जिसे कांग्रेस नेताओं द्वारा संबोधित किया गया। सभा के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी रफीक खान कहा कि जब-भी आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उन्हे आशीर्वाद दिया है उनके द्वारा आदर्शनगर की जनता को अपना परिवार मानकर सेवा की है।अगर अच्छे कार्य करते हुए रफीक



खान को कोई भी कीमत चुकानी पड़े तो कोई चिन्ता नही है। ईश्वर पुण्य के कार्य जिससे करवाना चाहता है उसी से करवाता है।मैं यहां के सर्व समाज से आग्रह करना चाहूंगा कि वह भाजपा को दिखा दे कि सामाजिक समरसता और परस्पर प्रेम की ताकत क्या होती है। इसके साथ ही रफीक खान ने कहा आदर्शनगर की जनता काफी जागरूक हैं वो झूठे और कथाकथित व बनावटी आरोपों में नहीं आने वाली कथाकथित झूठे और बेबूनीयादी भड़काऊ षडयंत्र में नहीं फंसेगी आदर्शनगर के



मतदाताओं को समझना चाहिए कि ऐसा व्यक्ति जनता की क्या सेवा करेगा।

रफीक खान ने कहा कि 25 नवम्बर को मतदान होगा, उसके पहले कई कमियां निकालना, आलोचना करना, झूठी अफवाए, धार्मिक भावना भडकाने जैसी नोटंकी, इत्यादि घटनाक्रम घटित किए जाएंगे। आपको किसी के बहकावे में नही आना है। मेरे द्वारासमर्पित भाव से क्षेत्र की सेवा की है फिर भी जाने-अनजाने वर्ष मुझसे या मेरे साथियों से कोई भूल या कोई भी कमी रही हो तो उसे इस बार मिलकर



पुरी करेंगे मैं आदर्श नगर विधानसभा विधानसभा तथा जनता जिले की जनता का ऋणी हूं जयपुर मेरी जन्मभूमि है तथा आदर्श नगर विधानसभा मेरी कर्मभूमि मेरे द्वारा सभी जाति, वर्ग, धर्म को अपना परिवार मानकर सेवा की है। आगामी 25 नवम्बर को मेरे पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर मुझे आशीर्वाद प्रदान करे, मैं विष्वास दिलाता हूं कि क्षेत्र में सामाजिक, धार्मिक और विकास के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

डीपफ़ेक से पीएम मोदी भी चिंतित

## जारी करें चेतावनी...: पीएम मोदी

नई दिल्ली/एजेंसी

हाल ही में डीपफेक एआई के फोटो-वीडियो सामने आने के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसपर चिंता जाहिर की है. प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली में भाजपा के दिवाली मिलन कार्यक्रम के दौरान कहा, 'डीपफेक भारत के सामने सबसे बड़े खतरों में से एक है, जिससे अराजकता पैदा हो सकती है.' पीएम मोदी ने मीडिया से लोगों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डीपफेक को लेकर शिक्षित करने का भी आग्रह किया. बता दें कि हाल ही में पीएम मोदी का भी एक डीपफेक वीडियो सामने आया था, जिसमें दावा किया गया था कि पीएम मोदी गरबा कर रहे हैं. हालांकि यह वीडियो फेक था.

पीएम मोदी ने कहा, 'अकके कारण खासतौर से डीप फेक के कारण संकट आ रहा है. इस संकट के बारे में लोगों को जागरूक किया जा सकता है. अभी मैं एक वीडियो देख रहा था की मैं एक वीडियो में गरबा खेल रहा हू. मुझे खुद लगा की क्या बना दिया. पर यह चिंता का विषय है.' बता दें कि हाल ही में एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसे लेकर जमकर बवाल मचा था. अमिताभ बच्चन ने ट्वीट कर इस मामले में कार्रवाई की अपील की थी.



# अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में उत्तर प्रदेश का आकर्षण

उत्तर प्रदेश में पहले मात्र सरकारें बदलती थीं। शासन का अंदाज यथावत रहता था। योगी आदित्यनाथ ने पहली बार सरकार के साथ व्यवस्था में बदलाव किया। उन्होंने ईमानदारी इच्छाशक्ति और पारदर्शिता पर आधारित सुशासन की स्थापना की। यही कारण है कि आज यूपी रेवेन्यू सरप्लस राज्य है। निवेशकों के लिए सर्वाधिक आकर्षक राज्य है। एक्सपोर्ट हब के रूप में विकसित राज्य बन गया है। विगत दो वर्षों में भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में गोल्ड अवॉर्ड प्राप्त करने वाला राज्य है। बीमारू राज्य की छवि से उभरने वाला राज्य है। यह नये भारत के नया उत्तर प्रदेश है। योगी आदित्यनाथ ने नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला में उत्तर प्रदेश पवेलियन का उद्घाटन किया। इसमें उत्तर प्रदेश के उद्योगीक अर्थिक विकास का उल्लेख हुआ. योगी सरकार ने विगत साढ़े छह वर्षों में उत्तर प्रदेश को विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ाया है।

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला के उत्तर प्रदेश पवेलियन में ओडीओपी तथा इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए हो रहे कार्यों को शोकेस करने का एक प्रयास हुआ है। इसमें 'नये भारत के नये उत्तर प्रदेश' की गाथा को प्रस्तुत किया गया है। नोएडा अथॉरिटी, ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी, यमुना एक्सप्रेस–वे अथॉरिटी, यूपीसीडा तथा यूपीडा द्वारा प्रदेश की प्रगति के लिए किए गए कार्यों को ट्रेड फेयर में प्रदर्शनी के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास हुआ है। ओडीओपी योजना ने आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देते हुए अधिक से अधिक रोजगार सृजन किया है। कोरोना महामारी के बावजूद प्रदेश ने अपने एक्सपोर्ट को तीन गुना करने में सफलता प्राप्त की है। उत्तर प्रदेश देश में सर्वाधिक एमएसएमई आधार वाला राज्य बना है। एमएसएमई क्षेत्र ने प्रदेश में औद्योगीकरण का एक नया माहौल दिया है। कोरोना कालखण्ड में चालीस लाख प्रवासी कामगार व श्रमिक उत्तर प्रदेश वापस आए थे। इन सभी श्रमिकों के लिए एमएसएमई इकाइयों ने रोजगार उपलब्ध कराया। करीब दो माह पूर्व ग्रेटर नोएडा में यूपी इण्टरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन किया गया था। इसमें सत्तर हजार से अधिक बायर्स आए थे तथा कुल फुटफॉल चार लाख से अधिक था। इसी वर्ष लखनऊ में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन में प्रदेश को अड़तीस लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों से एक करोड़ दस नौजवानों के लिए नौकरी और रोजगार की नयी सम्भावनाएं विकसित हुई हैं। उत्तर प्रदेश ने सुरक्षा निवेश तथा स्प्रिचुअल टूरिज्म के कार्यों को मजबूती के साथ आगे बढ़ाया है। इस कारण विगत छह वर्षों में प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या तीन करोड़ प्रतिवर्ष से बढ़कर बत्तीस करोड़ प्रतिवर्ष हुई है। पिछली सरकारें भी औद्योगिक नीति तैयार करती थीं, लेकिन जमीन पर उसका कोई सकारात्मक असर दिखाई नहीं दिया। क्योंकि उसके अनुरूप व्यवस्था या सुविधाएं उपलब्ध कराने पर कोई ध्यान नहीं दिया गया था। जबकि योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले इन कमजोरियों पर ध्यान दिया। इनको दूर करने के बाद उन्होने औद्योगिक नीति लागू की। उसमें निवेशकों के लिए अपेक्षित सुविधाओं का इंतजाम किया गया।

नीदरलैंड ने लखनऊ में अपना उप दूतावास खोला है। देश में यह उनका पहला उप दूतावास है। नीदरलैंड उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए सहमत हुआ है। बिल गेट्स की संस्था प्रदेश में अनेक समस्याओं के समाधान में योगदान करेगी। जाहिर है कि योगी के कदमों से प्रदेश में निवेश का माहौल बन रहा है। इसका कारण है कि उन्होने केवल प्रचार के लिए औद्योगिक नीति नहीं बनाई, बल्कि बाधक तत्वों को पहले दूर किया। इसमें सबसे प्रमुख भ्रष्टाचार की संभावना के मार्गों को बंद करना था। शुरुआत यहीं से होती है। लेकिन पहले उद्योग की मंजूरी लेने में ही दम निकल जाती थीं। कई विंडो से फाइल गुजरती थी। प्रत्येक विंडो पर बाधाओं का अंबार रहता था। फाइल कैसे आगे बढ़ती थी, यह बताने की जरूरत नहीं है। सरकार ने उत्तर प्रदेश के निर्यात को भी दुगना करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस मामले में भी देश का यह सबसे बड़ा प्रदेश बहुत पीछे रह गया। प्रत्येक जिले को एक–एक उत्पाद आवंटित किया जा रहा है। इन उत्पादों से उनकी पहचान जुड़ेगी। पहले ऐसा ही था। लेकिन धीरे–धीरे यह पहचान समाप्त होती चली गई। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार भी बहुत कम हो गया। योगी इसे पुनः मजबूत बनाना चाहते है। इसको कौशल विकास से जोड़ा जाएगा।

निर्यातकों को सभी संभव सुविधाएं दी जाएंगी। हाईवे पर विभिन्न उत्पादों के औद्योगिक सेक्टर विकसित किये जायेंगे। वस्तुतः हाईवे पर ऐसी योजना बहुत पहले बनाई जानी चाहिए थी। इससे इन मार्गों पर सुविधाओं का विकास होगा। औद्योगिक सेक्टर की स्थापना होने से आयात निर्यात को भी प्रोत्साहन मिलेगा। योगी आदित्यनाथ प्रगति मैदान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में गए। यहां भी उन्होने उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए कारपोरेट जगत के लोगों से बात की। इनमें उन देशों के लोग भी शामिल थे, जिन्होने योगी सरकार की औद्योगिक नीति को बहुत व्यावहारिक और बेहतर बताया था। इसके अलावा योगी से अब तक डेढ़ दर्जन से ज्यादा विदेशी राजदूत मिल चुके हैं। इनके देशों ने उत्तर प्रदेश में निवेश करने की योजना बनाई है। औद्योगिक विकास के साथ के साथ शहर और ग्रामीण इलाकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के विषय को भी जोड़ा गया है। पूर्वांचल चालीस वर्षो से जापानी इंसेफलाइटिस से जूझ रहा है। योगी आदित्यनाथ ने बिलगेट्स और उनकी टीम से इस संबन्ध में भी चर्चा की। वह इसमें सहयोग देंगे। शुद्ध पेयजल और मेडिकल सुविधाओं, अनुसन्धान आदि में बिलगेट्स की संस्था सहयोग देगी। योगी आदित्यनाथ ने औद्योगिक विकास को व्यापक स्वरूप दिया है। पर्यटन को उद्योग के रूप में विकसित करने की शुरुआत वह पहले ही कर चुके हैं। यह स्पष्ट दिखने लगा है कि उत्तर प्रदेश अगले कुछ वर्षों में विश्व पर्यटन के नक्शे पर बेहतर जगह बनाएगा। अब तक ताजमहल को लेकर हम खुश थे। अब इसमें अनेक केंद्र जुड़ेंगे। यह कहा जा सकता है कि इस बार उत्तर प्रदेश में केवल सरकार ही नही बदली है, व्यवस्था में भी बदलाव किया जा रहा है।

# क्या पुरुष भी घरेलू हिंसा के शिकार हैं?



ललित गर्ग

अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस माता–पिता के अलगाव, पत्नी की उपेक्षा, दुर्व्यवहार, बेघर होना, रोजगार, आत्महत्या और हिंसा सहित पुरुषों द्वारा सामना किए जाने वाले कई मुद्दों के लिए एक वैश्विक जागरूकता दिवस है, जो हर साल 19 नवंबर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य लड़कों और पुरुषों के जीवन, उनकी उपलब्धियों और परिवार एवं समाज निर्माण में विशेष रूप से राष्ट्र, संघ, समाज, समुदाय, परिवार, विवाह और बच्चों की देखभाल में उनके योगदान के लिए जश्न मनाने का एक अनूठा अवसर है। यह दिवस महज एक उत्सव भर नहीं है, बल्कि ऐसा आयोजन है, जो सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मोर्चों पर पुरुषों की उपलब्धियों को बढ़ावा देने के साथ–साथ उनके संघर्षों को आम समाज तक पहुंचाना आवश्यक है। इस दिन का उद्देश्य पुरुषों के स्वास्थ्य और कल्याण पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसके आलोक में, 'शून्य पुरुष आत्महत्या' 2023 की थीम है। महिला दिवस की तर्ज पर ही पूरे विश्व में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस भी मनाया जाने लगा है। इस दिवस की शुरुआत 1999 में त्रिनिदाद एवं टोबागो से हुई थी। संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे मान्यता देते हुए इसकी आवश्यकता को बल दिया और पुरजोर सराहना एवं सहायता दी है। आज 80 से अधिक देशों में अंतर्राष्ट्रीय पुरुष दिवस मनाया जा रहा है। एक अन्य जानकारी के अनुसार पहली बार 7 फरवरी 1992 को थॉमस ओस्टर द्वारा पुरुष दिवस मनाने की बात भी कही जाती है, लेकिन यह पुरुष दिवस केवल माल्टा में मनाया गया था। दुनिया में अब महिला दिवस की भांति पुरुष दिवस प्रभावी रूप में बनाये जाने की आवश्यकता महसूस की जाने लगी है। अब पुरुष भी अपने शोषण एवं उत्पीड़ित होने की बात उठा रहे हैं। महिलाओं की तुलना में पुरुषों पर अधिक उपेक्षा, उत्पीड़न एवं अन्याय की घटनाएं पनपने की भी बात की जा रही है। आज तेजी से बदलती दुनिया में हर वर्ग के लिए परिभाषाएं भी बन एवं बदल रही हैं। एक तरफ जहां महिलाएं सशक्त हो रही हैं, वहीं पुरुषों की भी छवि समाज में बदलती जा रही है। कुछ वर्ष पूर्व की बात करें तो पुरुषों को लेकर समाज में ढेरों रुढ़िवादी विचार थे, महिलाओं के शोषण एवं उसे दोयम दर्जा दिये जाने का आरोप उस पर लगता रहा है। जिनमें अब तेजी से परिवर्तन हो रहे हैं। यह दिन पुरुषों के शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य व उनसे जुड़ी भ्रांतियों पर भी चर्चा करने का दिन है। चीन को छोड़कर हर देश में पुरुषों में आत्महत्या की दर महिलाओं की तुलना में अधिक है। पुरुष एक ऐसा शब्द जिसके बिना किसी के जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नारी जहां जीवन को परिपूर्णता देती है तो वहीं पुरुष ही इसका आधार है। अब तक पुरुष की तमाम विशेषताओं को नजरअंदाज करते हुए उसे शोषक, नारी उत्पीडक, क्रूर एवं अत्याचारी ही घोषित किया जाता रहा है, लेकिन ऐसा नहीं है। नारी जन्मदात्री है तो पुरुष जीवन–निर्माता है। बचपन में जब कोई बच्चा चलना सीखता है तो सबसे पहले अपने पिता रूपी पुरुष की उंगली थामता है। नन्हा–सा बच्चा उसकी उँगली थामे और उसकी बाँहों में रहकर बहुत सुकून पाता है। बोलने के साथ ही बच्चे जिद करना शुरू कर देते हैं और पिता उनकी सभी जिदों को पूरा करते हैं। बचपन में चॉकलेट, खिलौने दिलाने से लेकर युवावर्ग तक बाइक, कार, लैपटॉप और उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजने तक संतान की सभी माँगों को वो पूरा करते रहते हैं यानी पुरुष की भूमिका किसी भी रूप में महिलाओं से कम नहीं है। समाज रूपी गाड़ी को सही से चलाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि महिलाएं उसका विरोधी होने के बजाय सहयोगी बने। उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। मानवीय रिश्तों में दुनिया में सबसे बड़ा स्थान मां के रूप में नारी को दिया जाता है, लेकिन एक बच्चे को बड़ा और सभ्य बनाने में उसके पिता के रूप में पुरुष का योगदान कम करके नहीं आंका जा सकता। बच्चे को जब कोई खरोंच लग जाती है तो जितना दर्द एक मां महसूस करती है, वही दर्द एक पिता भी महसूस करते हैं। पिता बेटा की चोट देख कर कठोर इसलिये बना रहता है ताकि वह जीवन की समस्याओं से लड़ने का पाठ सीखे, सख्त एवं निडर बनकर जिंदगी की तकलीफों का सामना करने में सक्षम हो। महिला ममता का सागर है पर पुरुष उसका किनारा है। महिला से ही बनता घर है पर पुरुष घर का सहारा है। महिला से स्वर्ग है महिला से बैकुंठ, महिला से ही चारों धाम है पर इन सब का द्वार तो पुरुष ही है। उन्हीं पुरुषों के सम्मान में पुरुष दिवस मनाया जाता है। कुछ वर्ष पूर्व भारत में सक्रिय अखिल भारतीय पुरुष एशोसिएशन ने भारत सरकार से एक खास मांग की कि महिला विकास मंत्रालय की भांति पुरुष विकास मंत्रालय का भी गठन किया जाये। इसी तरह यूपी में भारतीय जनता पार्टी के कुछ सांसदों ने यह मांग उठाई थी कि राष्ट्रीय महिला आयोग की तर्ज पर राष्ट्रीय पुरुष आयोग जैसी भी एक संवैधानिक संस्था बननी चाहिए। इन सांसदों ने इस बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भी लिखा था। पत्र लिखने वाले एक सांसद हरिनारायण राजभर ने उस वक्त यह दावा किया था कि पत्नी प्रताड़ित कई पुरुष जेलों में बंद हैं, लेकिन कानून के एकतरफा रुख और समाज में हंसी के डर से वे खुद के ऊपर होने वाले घरेलू अत्याचारों के खिलाफ आवाज नहीं उठा रहे हैं। प्रश्न है कि आखिर पुरुष इस तरह की अपेक्षाएं क्यों महसूस कर रहे हैं? लगता है पुरुष अब अपने ऊपर आघातों एवं उपेक्षाओं से निजात चाहता है।



तरह–तरह के कानूनों ने उसके अस्तित्व एवं अस्मिता को धुंधलाया है। जबकि आज बदलते वक्त के साथ पुरुष अब अधिक जिम्मेदार और संवेदनशील हो चुका है। कई युवा पुरुष समाज–निर्माण की बड़ी जिम्मेदारियों को उठा रहे हैं और अपनी काबिलीयत व जुनून से यह साबित भी कर रहे हैं। आज का पुरुष सिर्फ खुद को नहीं बल्कि महिलाओं के साथ कदम मिलाकर आगे बढ़ता है। वह यह सुनिश्चित कर रहा है कि उन्हें भी आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें व उन्हें किसी भी भेदभाव का सामना न करना पड़े। यह परिवर्तन आज सभी इंडस्ट्री जैसे मीडिया, हॉस्पिटैलिटी, बैंकिंग, उद्योग, व्यापार आदि में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जहां महिलाएं शीर्ष पदों पर काम कर रही हैं। सिर्फ यही नहीं पुरुषों को अब महिलाओं के नेतृत्व में कार्य करने में भी झिझक नहीं महसूस होती।

दुनिया के दूसरे देशों की तरह भारत भी घरेलू हिंसा की समस्या से जूझ रहा हैं। महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा को रोकने के लिए कठोर कानून भी बने हैं, लेकिन पुरुष भी घरेलू हिंसा का शिकार होते हैं। भारत में अभी तक ऐसा कोई सरकारी अध्ययन या सर्वेक्षण नहीं हुआ है जिससे इस बात का पता लग सके कि घरेलू हिंसा में शिकार पुरुषों की तादाद कितनी है लेकिन कुछ गैर सरकारी संस्थान इस दिशा में जरूर काम कर रहे हैं। 'सेव इंडियन फैमिली फाउंडेशन' और 'माई नेशन' नाम की गैर सरकारी संस्थाओं के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है कि भारत में नब्बे फीसद से ज्यादा पति तीन साल की रिलेशनशिप में कम से कम एक बार घरेलू हिंसा का सामना कर चुके होते हैं। यह एक सच्चाई है कि अब महिलाओं की भांति पुरुष भी हिंसा, उत्पीडन एवं उपेक्षा के शिकार है। वे भी अपने अस्तित्व की सुरक्षा एवं सम्मान के लिये आवाज उठाना चाहते हैं। बड़ा सच है कि जीवन में जब भी निर्माण की आवाज उठेगी, पौरुष की मशाल जगेगी, सत्य की आंख खुलेगी तब हम, हमारा वो सब कुछ जिससे हम जुड़े होंगे, वो सब पुरुष का कीमती तौहफा होगा, इस अहसास को जीवंत करके ही हमें पुरुष–दिवस को मनाने की सार्थकता पा सकेंगे।

# छठ महापूजा है सूर्योपासना का महापर्व



योगेश कुमार गोयल

आस्था और निष्ठा का अनुपम लोकपर्व 'छठ' उत्तर भारत, विशेषकर बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा नेपाल के तराई क्षेत्रों में मनाया जाने वाला सूर्योपासना का महापर्व है। यह पर्व सूर्य, उनकी पत्नी उषा तथा प्रत्यूषा, प्रकृति, जल, वायु और सूर्य की बहन छठी मैया को समर्पित है। उषा तथा प्रत्यूषा को सूर्य की शक्तियों का मुख्य स्रोत माना गया है। इसीलिए छठ पर्व में सूर्य तथा छठी मैया के साथ इन दोनों शक्तियों की भी आराधना की जाती है। षष्ठी देवी को ही छठ मैया कहा गया है, जो निसंतानों को संतान देती हैं और संतानों की रक्षा कर उनको दीर्घायु बनाती हैं। पुराणों में षष्ठी देवी का एक नाम कात्यायनी भी है, जिनकी पूजा नवरात्र में षष्ठी को होती है। माना जाता है कि छठ पर्व में सूर्य की उपासना करने से छठी माता प्रसन्न होकर घर–परिवार में सुख–समृद्धि, रोगमुक्ति, सम्पन्नता और मनोवांछित फल प्रदान करती हैं। छठ पूजा इस वर्ष 17 नवंबर से 20 नवंबर तक मनाई जा रही है। नहाय–खाय 17 नवंबर को और खरना 18 नवंबर को है जबकि छठ की मुख्य पूजा संध्या अर्ध्य के साथ 19 नवंबर को होगी। उगते सूर्य को अर्ध्य 20 नवंबर को दिया जाएगा और उसी के साथ छठ महापूजा का समापन होगा।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार सूर्य देवता की बहन छठी मैया संतानों की रक्षा कर उन्हें लंबी आयु प्रदान करती हैं। प्रातःकाल में सूर्य की पहली किरण (उषा) और सायंकाल में सूर्य की अंतिम किरण (प्रत्यूषा) को अर्ध्य देकर दोनों को नमन किया जाता है। सूर्योपासना का महापर्व छठ कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्ठी को मनाया जाता है, इसीलिए इसे छठ कहा जाता है। इस चार दिवसीय उत्सव की शुरूआत कार्तिक शुक्ल चतुर्थी के दिन 'नहाय खाय' से होती है, अगले दिन 'खरना' होता है, तीसरे दिन छठ का प्रसाद तैयार किया जाता है और स्नान कर अस्त होते सूर्य को अर्ध्य दिया जाता है, सप्तमी को चौथे और अंतिम दिन उगते सूर्य की पूजा–आराधना के साथ इस महापर्व का समापन होता है। छठ पर्व के प्रसाद में प्रायः चावल के लड्डू बनाए जाते हैं और बांस की टोकरी में प्रसाद तथा फल सजाकर इस टोकरी की पूजा की जाती है। व्रत रखने वाली महिलाएं सूर्य को अर्ध्य देने तथा पूजा के लिए तालाब, नदी अथवा घाट पर जाकर स्नान कर डूबते हुए सूर्य की पूजा करती हैं और अगले दिन सूर्योदय के समय सूर्य को अर्ध्य देकर पूजा करने के पश्चात प्रसाद बांटकर छठ पूजा का समापन होता है। सही मायनों में यह महापर्व जीवनदायी सूर्यदेव के प्रति आभार प्रकट करने का महापर्व है। छठ महापर्व की शुरुआत को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी मान्यता है कि लोक मातृका षष्ठी की पहली पूजा सूर्यदेव ने ही की थी। सूर्य को ज्योतिष विधा में सभी ग्रहों का अधिपति माना गया है। इसीलिए मान्यता है कि यदि समस्त ग्रहों को प्रसन्न करने के बजाय केवल सूर्यदेव की ही आराधना की जाए तो कई लाभ मिल सकते हैं। माना जाता है कि सर्वप्रथम महाबली कर्ण ने ही सूर्यदेव की पूजा शुरू की थी और आज भी छठ पर्व में सूर्य को अर्ध्य देने का विशेष महत्व है। सूर्यपुत्र कर्ण तो भगवान सूर्य के परम भक्त थे, जो प्रतिदिन घंटों तक कमर तक पानी में खड़े होकर सूर्यदेव को अर्ध्य दिया करते थे। सूर्यदेव की कृपा से ही वे महान योद्धा बने थे। एक मान्यता यह भी है कि देवमाता अदिति ने प्रथम देवासुर संग्राम में असुरों से देवताओं के हार जाने पर तेजस्वी पुत्र की प्राप्ति के लिए देवारण्य के देव सूर्य मंदिर में छठी मैया की आराधना की थी। छठी मैया ने उनकी आराधना से प्रसन्न होकर उन्हें सर्वगुण सम्पन्न तेजस्वी पुत्र को जन्म देने का वरदान दिया, जिसके बाद अदिति ने त्रिदेव रूप आदित्य भगवान को जन्म दिया, जिन्होंने देवताओं को असुरों पर विजय दिलाई। कहा जाता है कि तभी से छठ पर्व मनाए जाने का चलन शुरू हो गया।

इस पर्व को लेकर कुछ मान्यताएं महाभारत काल से भी जुड़ी हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार पांडव जब अपना सारा राजपाट जुआ में हार गए थे, तब श्रीकृष्ण के निर्देशानुसार द्रौपदी ने छठ व्रत रखा और छठी मैया के आशीर्वाद से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पांडवों को राजपाट वापस मिला। पांडवों की पत्नी द्रौपदी द्वारा परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना और लंबी आयु के लिए नियमित रूप से सूर्य की पूजा करने का उल्लेख भी मिलता है। छठ पूजा के अवसर पर नदियों, तालाबों इत्यादि के किनारे पूजा की जाती है, जिससे लोगों को इन जलस्रोतों के आसपास साफ–सफाई रखने की प्रेरणा मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार छठ पूजा साफ–सुथरी नदी, तालाबों या अन्य जलस्रोतों के किनारे की जाती है, इसीलिए पूजा से पहले इन जलस्रोतों के आसपास पूरी साफ–सफाई करने का विधान है। यह महापर्व नदियों को प्रदूषण से मुक्त करने का प्रेरणा देता है, इसीलिए इसे सर्वाधिक पर्यावरण अनुकूल हिन्दू त्योहार माना जाता है।

**(लेखक, वरिष्ठ टिप्पणीकार हैं।)**

# छंटने लगा अयोध्या की उदासी का अंधेरा

डॉ दिलीप अग्निहोत्री

छह वर्ष पहले तक अयोध्या उदास और उपेक्षित थी। आजादी के बाद अपने को सेक्युलर बताने वाली सरकारों को काशी–मथुरा–अयोध्या का नाम लेने में झिझक होती थी। यहां पर्यटन के अनुरूप विकास करने में संकोच होता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की डबल इंजन सरकार ने इस धारणा को बदल दिया। यह दुनिया जानती है कि उत्तर प्रदेश तीर्थाटन के लिहाज से बहुत समृद्ध रहा है। यहां के काशी, मथुरा, अयोध्या और सारनाथ जैसे तीर्थस्थल विश्व प्रसिद्ध है। सदियों से चलने वाले अनेक मेले भी बहुत प्रसिद्ध हैं। योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री बनने के बाद तीर्थाटन को अर्थव्यवस्था और सामाजिक एकात्मता से जोड़ने का कार्य किया। पिछले कुंभ में उन्होंने मंत्रिमंडल की बैठक प्रयागराज में आयोजित की थी। यह विकास और संस्कृति के लिए सरकार की प्रतिबद्धता थी। अयोध्या में पांच सदियों का सपना साकार होने जा रहा है। जनवरी में भव्य श्रीराम मंदिर का लोकार्पण होगा। इसके पहले योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में मंत्रिमंडल की बैठक कर सुशासन का संदेश दिया। अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के गठन का प्रस्ताव पारित किया। कैबिनेट के निर्णय के मुताबिक अयोध्या में भारतीय मंदिर वास्तुकला संग्रहालय की स्थापना होगी। अयोध्या शोध संस्थान को अंतरराष्ट्रीय अयोध्या रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया गया। श्री देवीपाटन धाम तीर्थ विकास परिषद, शुकतीर्थ क्षेत्र परिषद के गठन का प्रस्ताव पारित भी पारित किया गया। लक्खी मेला हाथरस, मकर संक्रांति तथा बसंत पंचमी मेला अयोध्या, गंगा स्नान मेला अनूपशहर और बुलंदशहर तथा देव दीपावली काशी के प्रांतीयकरण का निर्णय उल्लेखनीय है। यह कहने में संकोच नहीं कि केवल अस्था ही नहीं, तीर्थाटन और पर्यटन की दृष्टि से तीर्थनगरों का विश्व स्तरीय विकास शुरू किया गया है। योगी आदित्यनाथ द्वारा शुरू किए गए दीपोत्सव से अयोध्या की उदासी का अंधेरा छंटने लगा है। इसी के साथ एक सन्देश भी निर्मित हो गयाझ तमसो मा ज्योतिर्गमय अर्थात अंधेरे से ज्योति की ओर बढ़ने का प्रतीक बन गई है अयोध्या। दीपों का यह पर्व भारत की सांस्कृतिक अस्मिता को सम्पूर्ण प्रकाश के साथ अभिव्यक्त करने का अवसर बन गया। अयोध्या को आधुनिक स्मार्ट सिटी के तौर पर विकसित किया जा रहा है। सरकार ने सैकड़ों पर्यटकों के सुझाव के बाद एक विजन डॉक्यूमेंट भी तैयार किया है। अयोध्या के विकास की परिकल्पना एक आध्यात्मिक केंद्र, वैश्विक पर्यटन हब और एक स्थायी स्मार्ट सिटी के रूप में की जा रही है। कनेक्टिविटी में सुधार के प्रयास जारी हैं।

# क्यों देश को इंतजार है नोएडा एयरपोर्ट शुरू होने का



आरके सिन्हा

अगर सब कुछ योजना के चलता रहा तो उत्तर प्रदेश के जेवर में तेजी से बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली उड़ान अगले साल मार्च के महीने में अपने सफर पर चली जाएगी। यानी अब छह से भी कम महीनों का वक्त बचा है, इसे शुरू होने में। पहले कहा जा रहा था कि यहां से पहली फ्लाइट साल 2024 के अंत में ही उड़ान भरेगी। नोएडा एयरपोर्ट जितना जल्दी शुरू हो जाए उतना ही भारत आने और यहां से जाने वाले करोड़ों मुसाफिरों के लिए एक बड़ी राहत भरी खबर होगी। भारत सरकार का उड्डयन एवं गृह मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार मिल कर कोशिश कर रहे हैं ताकि नोएडा एयरपोर्ट वक्त से पहले ही शुरू हो जाए।

नोएडा एयरपोर्ट का तुरंत बनना इसलिए भी जरूरी है ताकि इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट (आईजीआई) को यात्रियों की भीड़ से बचाया जा सके। इधर भीड़ के चलते बदइंतजामी और अराजकता के हालात बने रहते हैं। यात्रियों को तीन–तीन घंटे लाइन में लगना पड़ना आज के दिन आम बात हो गई है। आईजीआई एयरपोर्ट पर साल–दर–साल यात्रियों की भीड़ बढ़ती ही चली जा रही है। आप जानते हैं कि आईजीआई से प्रतिदिन हजारों भारतीय सात समंदर पार यात्रा के लिए जा रहे हैं तो इतने ही दुनिया के अलग–अलग भागों से दिल्ली आ भी रहे होते हैं। पिछले साल 2022 में तो यह दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट की रैंकिंग में नौवें स्थान पर पहुंच गया। एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआई) की रिपोर्ट की माने तो आईजीआई एयरपोर्ट से साल 2022 में लगभग 5.95 करोड़ लोगों ने यात्रा की। यह भारत का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट भी है। शायद यही वजह है कि आईजीआई एयरपोर्ट की वृहद् सुविधाएं भी भीड़ के सामने अब बौनी साबित होने लगी हैं।

क्या कुछ साल पहले 31 मार्च, 2006 को जब आईजीआई शुरू हुआ था तो किसी ने भी यह सोचा था कि इधर मुसाफिरों की भारी भीड़ से सारी व्यवस्थाएं चरमराने लगेंगी? अगर इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलेगा कि राजधानी दिल्ली में सबसे पहले 10 मार्च, 1931 को सफदरजंग एयरपोर्ट का विधिवत उद्घाटन हुआ था। हालांकि इससे दो बरस पहले 1929 में ही इसकी सांकेतिक स्थापना भी हो गई थी। तब इसका नाम विलिंग्डन एयर फील्ड था। फिर इसका कुछ समय के बाद नाम कर दिया गया विलिंग्डन एयरपोर्ट। देश के आजाद होते ही विलिंग्डन एयरपोर्ट का नाम हो गया सफदरजंग एयरपोर्ट। बताते हैं, इधर कुछ विमान 1927 से ही उतरने लगे थे। दूसरे विश्व युद्ध में इसका मित्र देशों की सेनाओं ने




भरपूर इस्तेमाल भी किया था। दिल्ली का यही 1962 तक मुख्य हवाई अड्डा रहा। उसके बाद पालम एयरपोर्ट बना। सफदरजंग एयरपोर्ट को सुरक्षा कारणों से 2002 में बंद कर दिया गया। इसे अमेरिका में 26/11 की भयंकर घटना को देखते हुए बंद किया गया क अब भी यहीं से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य अति विशिष्ट हस्तियां अपने सफर पर निकलते हैं।

फिर वर्तमान में लौटते हैं। आईजीआई के शुरू होने के 20 साल के भीतर ही देश को एक नए विश्व स्तरीय एयरपोर्ट की जरूरत महसूस हुई। यह सुबूत है कि देश के एविएशन सेक्टर का तेजी से विकास और विस्तार हो रहा है। इसलिए ही ग्रेटर नोएडा में जेवर एयरपोर्ट को बनाने पर निर्णय लिया गया। जान लें कि तीस हजार करोड़ रुपये की लागत से 1334 हेक्टेयर में बन रहा जेवर एयरपोर्ट भारत का सबसे बड़ा एयरपोर्ट होगा। फिलहाल यात्रियों की आवाजाही के लिहाज से आईजीआई देश का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है। एक बात और। जेवर एयरपोर्ट की टिकटें आईजीआई के मुकाबले सस्ती होंगी। ऐसा दिल्ली और यूपी में एटीएफ (एविएशन टर्बाइन फ्यूल) शुल्क में अंतर के कारण संभव होगा। आईजीआई की तुलना में यात्रियों को प्रति टिकट 1,500 रुपये की बचत होगी। एविएशन मंत्रालय ने अनुमान लगाया है कि जब जेवर एयरपोर्ट से विमानों का परिचालन शुरू हो जाएगा तो यहां से सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने लगेगी। यहां से देश के विभिन्न शहरों के लिए विमान सेवा शुरू होंगी। उदाहरण के रूप में दिल्ली–मुंबई के बीच में प्रतिदिन लगभग 100 उड़ानें हैं। उनमें से करीब आधे को जेवर से संचालित किया जा सकता है। इसी तरह से बेंगलुरु, चेन्नई, काशी, पटना, रांची, लेह, गोवा और देश के दूसरे भागों में यहां से विमान उड़ सकते हैं। इसके अलावा लंदन, दुबई, ज्यूरिख या अमेरिका के शहरों को जाने वाली कुछ उड़ानें भी यहां से शुरू की जा सकती हैं। जेवर एयरपोर्ट से नोएडा और ग्रेटर नोएडा में रहने वाले हजारों विदेशी नागरिकों को भी लाभ होगा जो ऑफिस के काम से लगातार हवाई सफर करते रहते हैं। नोएडा और ग्रेटर नोएडा में बड़ी तादाद में दक्षिण कोरिया और जापान के नागरिक रहते हैं। इनमें पेशेवर, इंजीनियर, उद्यमी आदि शामिल हैं। आईजीआई की भीड़ कम करने, यात्रियों की सहूलियत बढ़ाने के लिए इसे जेवर एयरपोर्ट से जोड़ा जाएगा। इसके लिए 74 किलोमीटर लंबा मेट्रो कॉरिडोर बनना भी तय है, जिस पर 120 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से मेट्रो दौड़ेगी।

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार जेवर एयरपोर्ट को एयर कार्गो का हब भी बनाना चाहती है। इसके साथ ही एयरपोर्ट पर 40 एकड़ में एमआरओ (मेंटीनेंस रिपेयरिंग एंड ओवर हॉलिंग) की सुविधा दी जाएगी। यानी यहीं देश विदेश के विमानों की सर्विसिंग भी इसी एयरपोर्ट पर होगी। वर्तमान में भारत के 85 प्रतिशत विमानों को एमआरओ के लिए विदेश भेजना पड़ता है, जिसपर प्रतिवर्ष 15 हजार करोड़ रुपए खर्च होते हैं। कई बडी एयरलाइंस कंपनियों ने जेवर एयरपोर्ट को एशिया पैसिफिक ट्रांजिट हब बनाने में भी दिलचस्पी दिखाई है। इसमें एयर इंडिया, एयर एशिया, विस्तारा, इंडिगो आदि शामिल है। इससे एयरपोर्ट में यात्रियों की संख्या में वृद्धि होगी।

योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली राज्य सरकार जेवर एयरपोर्ट को कनेक्टिविटी के मॉडल के रूप में विकसित कर रही है। यहां आने–जाने के लिए टैक्सी, मेट्रो और रेल तक की कनेक्टिविटी सुगम होगी। एयरपोर्ट से निकलते ही यात्री सीधे यमुना एक्सप्रेस–वे और नोएडा–ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस–वे तक जा सकते हैं। यूपी, दिल्ली, हरियाणा कहीं भी जाना है तो थोड़ी सी देर में पेरिफेरल एक्सप्रेस–वे पहुंच सकते हैं। इससे यह तो साफ है कि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने से आईजीआई की भीड़ काफी हद तक छंट जाएगी।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने करी अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई

## साढ़े छः बीघा भूमि पर दो नवीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त ,अन्य स्थानों से हटाए अतिक्रमण

चमकता राजस्थान

**जयपुर,!(खलील कुरैशी)17 नवम्बर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-14 में निजी खातेदारी करीब 6.5 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-11 में ग्राम जयसिंहपुरा सर्किल के पास में व्यावसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन अवैध 08 दुकानों को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त, कमला रेजिडेन्सी के पास निर्माणाधीन बाउण्ड्रीवाल पिलन्थ लेवल तक अवैध निर्माण इत्यादि को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त एवं पीआरएन-नोर्थ में जगदीशपुरी धावास रोड़ पर जीरो सेटबैक पर बनी अवैध दीवार को ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सायपुरा तन जिला जयपुर में करीब 1.5 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू-रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रेवल-मिट्टी की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

जेडीए द्वारा जोन-14 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बान्यावली डिग्गी रोड़ जिला जयपुर में करीब 05 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू-रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई ग्रेवल-मिट्टी की सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-14 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-पंचम प्रवर्तन अधिकारी जोन-14, 11 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

जेडीए द्वारा जोन-11 के क्षेत्राधिकार जयसिंहपुरा सर्किल के पास जिला जयपुर में जेडीए की बिना अनुमति-स्वीकृति के व्यावसायिक प्रयोजनार्थ निर्माणाधीन 08 अवैध दुकानों का निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। जोन-11 के क्षेत्राधिकार कमला रेजिडेन्सी जिला जयपुर में जेडीए की बिना अनुमति-स्वीकृति के निर्माणाधीन 04 स्थानों पर अवैध बाउण्ड्रीवाल, 03 स्थानों पिलन्थ लेवल तक अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-11 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-11, 14 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

इसी प्रकार जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के क्षेत्राधिकार जगदीशपुरी धावास रोड़ जिला जयपुर में जीरो सेटबैक को कवर कर दीवार का अवैध निर्माण किये जाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया गया। उक्त कार्यवाही उप नियंत्रक प्रवर्तन-तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-पी.आर.एन.(नोर्थ) तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।



## संक्षिप्त समाचार

### बालेर के शालाधाम में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का सोमवार से विधिवत कलश यात्रा के साथ शुभारंभ




**चमकता राजस्थान/बालेर!(विशाल अग्रवाल )।** कस्बे के शालाधाम परिसर में संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ 20 नबंवर सोमवार से विधिवत कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया जाएगा। आयोजनकर्ता रामजीलाल गुप्ता ( अध्यापक), विजेंद्र कुमार गुप्ता, कमलेश कुमार गुप्ता, विशाल अग्रवाल ने बताया कि श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के कथावाचक पं. कैलाश चंद शास्त्री( कोसरा वाले) के श्रीमुख से कथा का वाचन 20 नबंवर सोमवार से 26 नबंवर रविवार तक प्रातः11बजे से सायः5 बजे तक किया जाएगा। 27 नबंवर को श्रीमद्भागवत कथा की पूर्णाहुति, हवन यज्ञ एवं भंडारे-महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ पर कलश यात्रा प्रातः10 बजे निकाली जाएगी। सभी धर्मप्रेमी सज्जन अधिक से अधिक संख्या में पधारकर श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का श्रवण कर धर्मलाभ ग्रहण करें।

### एक साल से वांछित पांच हजार रूपये का ईनामी अपराधी गिरफ़्तार



**चमकता राजस्थान/बाप!(कविकान्त खत्री)।** पुलिस अधीक्षक हनुमान प्रसाद मीणा ने बताया कि डीएसटी टीम फलोदी एवं पुलिस थाना जांबा टीम द्वारा एनडीपीएस एक्ट के मामले में एक वर्ष से वांछित 5000 रूपये के ईनामी डोडा पोस्त सप्लायर अपराधी सुंदरलाल उर्फ सुरेंद्र पुत्र जोराराम बिश्नोई निवासी दयासागर खारा को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों थानाधिकारी जांबा द्वारा नाकाबंदी के दौरान अभियुक्त सोहनलाल पुत्र बंशीलाल बिश्नोई उदाणियों की ढाणी सांवरीज फलोदी के कब्जे की स्कॉर्पियो गाडी में परिवहन किये जा रहे 80 किलो डोडा पोस्त बरामद कर प्रकरण दर्ज किया था। उक्त मामले में अवैध डोडा पोस्त सप्लायर सुंदरलाल बिश्नोई दयासागर फलोदी घटना के बाद से फरार था। एएसपी फलोदी सौरभ तिवाड़ी के सुपरविजन एवं सीओ रामकरण सिंह मलिंडा के निर्देशन में थानाधिकारी सुरेश सारण मय जाब्ता एवं डीएसटी टीम प्रभारी महेंद्र सीरवी मय जाब्ता द्वारा अभियुक्त सुंदरलाल की तलाश शुरू की गई। डीएसटी फलोदी को सूचना मिली कि अभियुक्त सुंदरलाल खारा में है, सूचना अनुसार डीएसटी टीम प्रभारी महेन्द्र सीरवी द्वारा सुंदरलाल बिश्नोई दयासागर फलोदी को दस्तयाब कर जांबा थाना को सुपुर्द किया गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में मुख्य भूमिका निभाने के लिये डीएसटी टीम प्रभारी महेन्द्र सीरवी, थानाधिकारी जांबा सुरेश सारण, हैड कांस्टेबल भरमलराम, मनफूल, भागीरथप्रसाद, डीएसटी फलोदी के हैड कांस्टेबल प्रदीप, सहीराम, हितेश, चौखाराम, गिरीराज मीणा, भगवानाराम मेघवाल एवं महेंद्र उज्वल को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरूस्कृत किया जायेगा।

## जाम्बा पुलिस थाने ने दिया अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम, स्मैक तस्करी में वांछित अपराधी गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

बाप!(कविकान्त खत्री)पुलिस थाना जाम्बा द्वारा एनडीपीएस एक्ट के मामले में वांछित अभियुक्त स्मैंक सप्लायर अयुबदीन पुत्र अब्दुल खां जाति मुसलमान निवासी सुजानजी की ढाणी चैनपुरा पलीना लोहावट को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20.10.2023 को थानाधिकारी पुलिस थाना फलोदी द्वारा मुखबिर सुचना अनुसार अभियुक्त मोहम्मद रफीक पुत्र कमू खाँ जाति मुसलमान निवासी



अतेखा की ढाणियां होपारडी फलोदी के कब्जे से 30 ग्राम स्मैक बरामद कर प्रकरण कायम किया था। उक्त मामले में अवैध स्मैक सप्लायर अयुबदीन पुत्र अब्दुलखां जाति मुसलमान निवासी सुजानजी की ढाणी चैनपुरा पलीना लोहावट घटना के बाद से फरार था। श्रीमान महानिरीक्षक पुलिस जोधपुर रेंज द्वारा वांछित मुल्जिमानों की गिरफ्तारी बाबत चलाये जा रहे अभियान के तहत सोरभ तिवाडी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फलोदी के सुपरविजन व रामकरणसिंह मलिण्डा वृताधिकारी फलोदी के निर्देशन मे सुरेश सारण थानाधिकारी पुलिस थाना जाम्बा मय जाब्ता द्वारा अभियुक्त अयुबदीन की तलाश शुरू की। दौराने तलाश आसुचना व तकनीकी सहायता से मुल्जिम का डाटाबेस प्राप्त कर दिनांक 16.11.2023 को अयुबदीन पुत्र अब्दुलखां जाति मुसलमान निवासी सुजानजी की ढाणी चैनपुरा पलीना लोहावट को दस्तयाब कर बाद पुछताछ गिरफ्तार किया गया। जिससे अवैध मादक पदार्थ स्मैक खरीद फरोख्त के सम्बन्ध में अनुसंधान जारी है।

## विधानसभा आम चुनाव में होम वोटिंग का चौथा दिन

### चुनाव आयोग की पहल पर मतदाता जता रहे खुशी

चमकता राजस्थान

डीग( दीपचंद शर्मा) डीग, राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023 में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाता भारत निर्वाचन आयोग की पहल पर पहली बार घर से ही उत्साहपूर्वक मतदान कर रहे रिटर्निंग ऑफिसर (उपखंड अधिकारी डीग) डॉ रवि कुमार गोयल ने बताया कि राजस्थान विधानसभा आम चुनाव-2023 के अंतर्गत प्रदेश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ मतदाता तथा दिव्यांग



मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा का विकल्प दिया गया है। जिले में शुक्रवार को डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र में 88 में से 86 मतदाताओं ने घर से मतदान करने की सुविधा का लाभ लिया । उन्होंने बताया कि जिन लोगो मतदाताओं ने विकल्प के तौर पर होम वोटिंग सुविधा के लिए आवेदन किया है विशेष मतदान दल ऐसे मतदाताओं के घर जाकर पूरी गोपनीयता के साथ डाक मतपत्र के माध्यम से उनका मतदान करवा रहे हैं। पोस्टल बैलेट के माध्यम से 19 नवम्बर तक घर पर ही मतदान करवाया जाएगा। जो मतदाता होम वोटिंग के पहले चरण के दौरान घर पर अनुपस्थित रहेंगे, उनके लिए 20 और 21 नवम्बर को विशेष मतदान दल दूसरी बार विजिट करेंगे । 82 वर्षीय शकुंतला देवी ने घर से डाला वोट चुनाव आयोग के प्रयासों की सराहना की डीग-कुम्हेर विधानसभा क्षेत्र के लोहा मंडी डीग स्थित 82 वर्षीय शकुंतला देवी ने घर से मतदान कर चुनाव आयोग के प्रयासों की सराहना की। गठित मतदान दल ने पूर्ण गोपनीयता के साथ शकुंतला देवी से पोस्टल बैलेट के जरिये मतदान करवाया।

## भाजपा,कांगेश दोनों दलों ने भरतपुर संभाग में ब्राह्मण समाज को बुरी तरह से उपेक्षित किया

- समाज ने उक्त दलों को विधान सभा चुनाव में सबक सिखाने की ठान ली हैं - गणेश पाराशर

**चमकता राजस्थान।** भरतपुर ( दीपचंद शर्मा) भरतपुर,सामाजिक कार्यकर्त्ता गणेश पाराशर ने एक वक्तव्य में बताया कि विगत मार्च 2023 में राजस्थान के जयपुर में ब्राह्मण समाज की महापंचायत का आयोजन किया गया।जिसमें लाखों लोगों ने भाग लिया था।और दोनों राष्ट्रीय दलों के बडे नेता भी शामिल हुए।ब्राह्मण महापंचायत में मंच पर बोलने वाले नेताओं ने आरोप लगाए थे कि दोनों राजनैतिक दल ब्राह्मण को उचित प्रतिनिधित्व नहीं देती हैं,और ये मांग की दोनों दलों से कि 30-30 टिकटें ब्राह्मण समाज को दी जाये।उसका असर ये हुआ कि जहां 2018 में ब्राह्मण समाज को दोनों दलों से 42 टिकटें मिली थी।इस बार इस हुंकार के बाद भी केवल 36 टिकटें मिली।बढने की बजाय समाज की टिकटें काटी गई।और भरतपुर संभाग में भी समाज को बुरी तरह से उपेक्षित किया गया है।और पिछले 2018-और 2023 में किसी भी राष्ट्रीय दल ने ब्राह्मण को टिकट नहीं भरतपुर विधानसभा से तो इस बार ब्राह्मण समाज ने भी दोनों दलों को सबक सिखाने की ठान ली है की।और दोनों राष्ट्रीय दलों को यहां से हराकर बसपा को जीताकर ये मैसेज देना है।की समाज अब आपकी इस उपेक्षा से अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है। उसके पास और भी विकल्प हैं।

## वैर में खडगे,पायलट,गहलोत चुनावी सभा को कांग्रेस मंत्री भजनलाल जाटव के समर्थन में करेंगे सभा



**चमकता राजस्थान।** वैर (राजवीर सिंह), कांग्रेस की आज 18 नवंबर को कांग्रेस उम्मीदवारों के पक्ष में कस्बा वैर के नगर पालिका प्रांगण में विधानसभा चुनावी आमसभा होगी, जिस सभा को कांगेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे,मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री तथा वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, प्रदेश प्रभारी सुखजिन्दर रंधावा आदि संबोधित करेंगे। क्षेत्र के विद्यायक कैबिनेट मंत्री भजन लाल जाटव,कांग्रेस नेता तोताराम गुर्जर प्रधान झालाटाला,कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दिनेश सूपा,कांग्रेंस के ब्लॉक अध्यक्ष व पूर्व उप प्रधान महेश मीणा, नगर पालिका भुसावर के चेयरमैन प्रतिनिधि प्रकाश चंद जाटव, पूर्व चेयरमैन चंद्रप्रकाश अवस्थी पूर्व सरपंच सतीश चंद्र पांडे, योगेश कुमार सिंघल ओमप्रकाश गुप्ता मास्टर ने बताया कि आज 18 नवम्बर को वैर में कांगेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे,मुख्यमंत्री अशोक गहलोत,पूर्व उप मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट, प्रदेश प्रभारी सुखविन्दर रंधावा आदि को कांग्रेस प्रत्याशी भजनलाल जाटव सहित संभाग के अन्य कांग्रेस प्रत्याशियों को विजयी बनाने के लिए चुनावी सभा होगी।22 नवम्बर को संभाग भरतपुर के भरतपुर जिला में राहुल गांधी की सभा होगी,जिसका कार्यक्रम तय हो रहा है।

## संकीर्ण भावना के चलते कांग्रेस ने दलितों को रखा अधिकार से वंचितः मायावती

चमकता राजस्थान

भरतपुर नदबई (राजवीर सिंह) आजादी के बाद कांग्रेस सरकार ने दलितो का शोषण किया, संकीर्ण भावना के चलते कांग्रेस पार्टी ने संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर को सम्मान नही देते हुए भारत रत्न नही दिया। बाद में वीपी सिंह की सरकार ने अंबेडकर को भारत रत्न दिया। ऐसा कहते हुए सुप्रीमो मायावती ने बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में नदबई कस्बे में कृषि मंडी परिसर में जनसभा करते हुए कांग्रेस पार्टी की जमकर निंदा की। साथ ही




दलित व शोषित वर्ग के लोगो को एकजुट होकर बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने को कहा।संबोधन दौरान बसपा सुप्रीमो ने बसपा पार्टी को दलित व शोषित वर्ग की पार्टी बताते हुए प्रदेश में दलित व शोषित वर्ग के लोगों के उत्थान के लिए बसपा को मजबूत करने को कहा। साथ ही कांग्रेस व भाजपा पार्टी को पूंजीपतियों की पार्टी बताते हुए दलित व शोषित वर्ग के लोगों को एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि, कांग्रेस व भाजपा सहित अन्य पार्टियों की ओर से कार्यकर्ताओं

### बसपा सुप्रीमो ने नदबई में की जनसभा, भरतपुर के सभी बसपा प्रत्याशियों के समर्थन में किया प्रचार

को लुभावने प्रलोभन व मुफ्त की रेबडिया बांटते व सत्ता में आने के बाद घोषणाओं के साथ जनता के साथ छलावा करते। जबकि, बसपा की ओर से घोषणा पत्र बनाने के स्थान पर सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय के आधार पर समस्याओं का समाधान व विकास को प्राथमिकता दी जाती।

बसपा सुप्रीमो ने कांग्रेस पार्टी को दलित विरोधी पार्टी बताते हुए केन्द्र सरकार की ओर से महिलाओं को ३३ प्रतिशत आरक्षण करने पर भी सवालिया निशान लगाते हुए एससी व ओवीसी वर्ग की महिलाओं को आरक्षण करने की मांग की। बाद में प्रदेश में दलित, शोषित वर्ग व अल्पसंख्यकों को एकजुट होकर बूथस्तर पर बसपा पार्टी को मजबूत करते हुए प्रत्याशियों के समर्थन में मतदान करने को कहा। इस दौरान नदबई प्रत्याशी खैमकरण तौली व भरतपुर विधानसभा प्रत्याशी गिरीश चौधरी ने पार्टी चिंह भेंटकर बसपा सुप्रीमो का अभिनंदन किया।

# मोदी के प्रकट होने से पहले हिंदुस्तान परमाणु शक्ति बन चुका था : आनन्द शर्मा

चमकता राजस्थान

जयपुर (अत्री कुमार दाधीच )17 नवम्बर। चुनाव के समय हर दल को अपनी बात कहने का अधिकार है, तीखी बातें कांग्रेस विरोधियों द्वारा कही जा रही है और यह सिलसिला पूरे चुनाव जारी रहेगा, ऐसा भाजपा की मानसिकता से प्रतीत हो रहा है। हर दल को जनता के समक्ष अपने कार्य गिनाने का अधिकार है, अपनी नीतियां जनता तक पहुँचानी चाहिये, अपने विपक्षियों की कमी उजागर करनी चाहिये, सरकार अपना लेखा-जोखा प्रस्तुत करती है, क्योंकि मतदाता जवाबदेही तय करता है, किन्तु भाजपा के समक्ष कई कठिनाई है, भाजपा का राजस्थान में घर बिखरा हुआ है, आपस में मन-मुटाव है, चुनाव में वे चेहरा प्रस्तुत नहीं कर सके हैं, जो चेहरे हैं वे केन्द्रीय नेतृत्व को पसंद नहीं है। जनता को भाजपा का नेतृत्व कौन करेगा इसकी जानकारी नहीं है, भाजपा की सरकार नहीं बन रही है यही सोचकर उन्होंने किसी का नेतृत्व के लिये चेहरा आगे नहीं किया है।

उक्त विचार पूर्व केन्द्रीय मंत्री आनन्द शर्मा ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर आयोजित प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुये व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के नेता है, उन्हें अधिकार है कि भाजपा के पक्ष में प्रचार करें, पर हर जगह जिम्मेदारी स्वयं लेना उचित नहीं है क्योंकि यह विशाल देश है, कन्याकुमारी से कश्मीर तक फैला हुआ है, इसलिये उन्हें पहले देश को सम्भालना चाहिये, बाद में राज्यों की जिम्मेदारी लेना चाहिये। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले किये गये वादे ही पूर्ण नहीं हुये, किन्तु प्रधानमंत्री अब विधायक के लिये वोट मांगते हुये उसकी जिम्मेदारी ले रहे हैं, क्या प्रधानमंत्री विधायक और मुख्यमंत्री का भी काम करेंगे? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो जुमले दिये थे, 15 लाख रूपये देने का, दो करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार देने का वादा किया था, यदि पूर्ण किया होता तो आज भारत दुनिया का दूसरा विशाल देश होता। उन्होंने कहा कि




प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है, यह समझना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो कहा है वो प्रतिबद्धता के साथ पूर्ण किया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग काम करते हैं और कुछ लोग प्रचार करते हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान की सरकार ने जो कल्याणकारी कार्य किये हैं वे सर्वविदित है। उन्होंने कहा कि पिछले 5 साल में जो कांग्रेस सरकार ने काम किये हैं उनमें प्रमुख रूप से महिलाओं को 500 रूपये में गैस सिलेण्डर देना, घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली फ्री देना, किसानों को 2000 यूनिट प्रतिमाह बिजली फ्री देना, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को 125 दिन के रोजगार की गारंटी देना, एक हजार रूपये पेंशन देने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किये हैं। मुख्यमंत्री कामधेनु लागू हुई, चिरंजीवी योजना लागू हुई जिसके तहत 25 लाख रूपये का मुफ्त ईलाज है। उन्होंने कहा कि राजस्थान पहला राज्य है जिसमें अपने नागरिकों को स्वास्थ्य की गारंटी दी गई है, बच्चियों को स्मार्ट फोन दिये। उन्होंने कहा कि ये काम इसलिये सम्भव हो सके क्योंकि सरकार ने संवेदनशीलता के साथ जनता की आवश्यकताओं को महसूस किया।

आनन्द शर्मा ने कहा कि राजस्थान सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभ पाने वालों की संख्या छोटी नहीं है, राज्य में मेडिकल कॉलेज खोलने के लिये 20 हजार करोड़ का प्रावधान किया, कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम दी, जिन गरीब बच्चों को 8वीं की निःशुल्क शिक्षा दी जाती है वह अब राजस्थान में 12वीं तक निःशुल्क है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बच्चों को प्रथम वर्ष में निःशुल्क टेबलेट दिये जायेंगे, 500 रूपये में सिलेण्डर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की योजनाओं का अनुसरण करते हुये भाजपा ने 50 रूपये कम कर 450 रूपये में सिलेण्डर देने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जब अगली बार राजस्थान आयें तो दिल्ली से सभी देशवासियों को 450 रूपये में गैस सिलेण्डर देने की घोषणा करके आयें, हम सब स्वागत करेंगे। उन्होंने कहा कि राजस्थान के मतदाता को गुमराह करने के लिये झूठे वादे नहीं करे, पुरानी पेंशन स्कीम पर चुप्पी तोड़े। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिये अंग्रेजी माध्यम के 3600 स्कूल खोले गये, जो पेंशन स्कीम दी जा रही है उनके बारे में प्रधानमंत्री की क्या राय हैं, इसका जवाब दें, क्योंकि भाजपा इन योजनाओं को जारी रखेगी या बंद करेगी। उन्होंने कहा कि देश के नागरिकों के सशक्तीकरण का कार्य कांग्रेस ने किया है, यूपीए की सरकार ने खाद्य सुरक्षा कानून, राईट टू एज्यूकेशन, मनरेगा जैसी योजना लागू की। उन्होंने कहा कि आज भाजपा को कांग्रेस द्वारा किये गये वादे की याद आ रही है, कांग्रेस द्वारा दो रूपये किलो गोबर खरीदने की बात की गई, भाजपा भी इसका वादा कर रही है, जबकि कांग्रेस की अन्य सरकारें दूसरे राज्यों में यह योजना लागू कर चुकी है। उन्होंने कहा कि काम तब सम्भव होते हैं जब शासन सुचारू रूप से चले, राजस्व बढ़े और लोगों की आमदनी बढ़े। उन्होंने कहा कि राजस्थान में सरकार की आमदनी बढ़ी, राजस्व 9 लाख करोड़ से बढ×कर 15 लाख करोड़ तक पहुँचा, इसलिये सरकारी नौकरियां देना सम्भव हो सका, राजस्थान सरकार ने प्राईवेट सेक्टर में 4 लाख रोजगार दिये, 3 लाख सरकारी नौकरियां दी गई जिनमें डेढ़ लाख युवा नियक्ति पा चुके हैं, ये सभी कार्य राजस्थान सरकार ने करके दिखाये हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में राजस्थान की जीडीपी 350 बिलियन डॉलर करने का वादा किया है लेकिन देश की जीडीपी कितनी है यह देखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जरूरी है कि देश तेजी से आगे बढ़े, किन्तु यह भी सत्य है कि मोदी शासन से पहले भी देश सोया हुआ नहीं था। देश पहले भी मजबूत था और मोदी के प्रकट होने से पहले भी परमाणु शक्ति बन चुका था। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तब देश की अर्थव्यवस्था 2 ट्रिलियन डॉलर की थी जब हमने सरकार छोड़ी, 2004 में 480 बिलियन डॉलर जीडीपी थी देश की, इतने कम समय में अथक मेहनत एवं सही नीतियों से देश का विकास करने से यह सम्भव हो सका।

उन्होंने कहा कि दुनिया में सबसे पहली औद्योगिक क्रांति इग्लैण्ड में हुई थी उन्हें अपनी जीडीपी दुगुनी करने में 12 वर्ष लगे, दूसरी औद्योगिक क्रांति अमेरिका में हुई, उन्हें भी अपनी जीडीपी दुगुनी करने में 12 वर्ष लगे, जापान ने अपनी जीडीपी को 10 वर्ष में दुगुना किया, इसके अलावा एशिया में कोरिया ने 10 वर्ष में अपनी जीडीपी को दुगुना किया, तीन गुना जीडीपी करने वाला दुनिया का पहला देश चीन बना, एक दशक के अन्दर कांग्रेस के नेतृत्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के शासन में भारत 480 बिलियन से 2 ट्रिलियन की इकोनोमी वाला राष्ट्र बना, यह तथ्य कोई नहीं नकार सकता। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन को 10 वर्ष होने वाले हैं क्या वे विकास का हिसाब जनता के सामने रखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को आगाह करना आवश्यक है कि आगामी लोकसभा चुनावों में जनता को जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में मतभेद तो रहते हैं लेकिन भाजपा ने उन्हें मनभेद बना दिया, राजनीति में कटुता नहीं होनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि राजनीति में विचारधारा को लेकर मतभेद हो सकते हैं, विरोध हो सकते हैं, क्योंकि अलग-अलग विचार नहीं होंगे तो प्रजातंत्र प्रणाली कैसे चलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में समस्त संवैधानिक संस्थाओं पर भाजपा ने कब्जा कर लिया है और उनका दुरूपयोग किया जा रहा है, चुनाव के वक्त आरोप-प्रत्यारोप लगाकर एजेंसियों को सक्रिय किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री जिन विपक्षी नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते थे, एजेंसियों की कार्यवाही होती थी, उनके भाजपा में शामिल होते ही सभी आरोप समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक नेशनल लॉनड्रेट पॉलिसी अपनाते हुये कार्य किया है, प्रधानमंत्री सहित भाजपा नेताओं ने जिन विपक्षी नेताओं पर गंभीर आरोप लगाये, वे भाजपा में शामिल होते ही साधु-संतों की तरह पाक साफ हो गये। उन्होंने कहा कि दुःखी करने वाला विषय है, किन्तु सत्य है कि प्रजातंत्र में धमकी नहीं दी जाती है, जो जितने बड़े पद पर हो उसे उतना ही शालीन होना चाहिये। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कथन कि वोटिंग मशीन का बटन ऐसे दबाओ कि सामने वाले को फांसी हो जाये, अनुचित है, यह कथन खेद व्यक्त करते हुये वापस लेना चाहिये क्योंकि यह अच्छी परम्परा नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता दंगों की बात करते हैं किन्तु सच्चाई सबको पता है कि दंगों के पीछे कौन लोग होते हैं। उन्होंने कहा कि अपराधों को लेकर सामाजिक जीवन जीने वाले हर व्यक्ति का चिंतित होना लाजमी है, किन्तु चुनावों में ऐसे मुद्दों को लेकर भाजपा ही राजनीति करती है जबकि महिला अपराधों में सर्वोच्च स्थान भाजपा शासित मध्यप्रदेश का है। उन्होंने कहा कि भाजपा स्वयं के शासित प्रदेशों में महिला अपराधों की जिम्मेदारी नहीं लेती है लेकिन राजस्थान में चुनाव के दौरान आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि देश की संस्कृति, हमारी धरोहर और हमारी विरासत है, विशाल देश में 63 प्रतिशत लोगों ने 2019 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरूद्ध मतदान किया था, वे भी राष्ट्रभक्त और भारत की सांस्कृति विरासत को मानने वाले हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में जो जनकल्याणकारी कार्य कांग्रेस सरकार ने किये हैं उसके आधार पर प्रदेश की जनता भारी बहुमत से पुनः कांग्रेस की सरकार बनायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### हैरिटेज निगम मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विभिन्न कार्यक्रम करेगा

- सैल्फी पांइटस, गीत, नारे व बैनर के माध्यम किया जायेगा आमजन को जागरूक
- व्यापार मण्डल, एनजीओ, स्ट्रीट वैंडर्स की भागीदारी के लिये आयुक्त ने बुलाई बैठक



**चमकता राजस्थान।** जयपुर,( खलील कुरैशी)17 नवम्बर। नगर निगम जयपुर हैरिटेज आगामी विधानसभा चुनाव के मध्येनजर 25 नवम्बर को होने जा रहे मतदान से पहले ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान करने के लिये जागरूकता कार्यक्रम सैल्फी पांइटस, गैराज शाखा के वाहनों व हूपरों पर ''मैं भारत हूं'' गीत व बैनर आदि आयोजित किये जायेंगे । आयुक्त राजेन्द्र शेखावत ने शुक्रवार को मुख्यालय में व्यापार मण्डलों, एनजीओ, स्ट्वैंरीटडर्स एवं इंदिरा रसोई संचालकों व निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ बैठक कर सभी पक्षों को अपने-अपने स्तर पर ज्यादा से ज्यादा नागरिकों को मतदान के लिये प्रेरित करने का माहौल बनाने का सुझाव दिया । शेखावत ने निष्पक्ष व निर्भिक मतदान हेतु शपथ दिलाने के पश्चात्त कहा कि लोकतंत्र में हमारे मतदान से जनप्रतिनिधि चुने जाते हैं । सही जनप्रतिनिधि चुनने के लिए सही मतदान व शत-प्रतिशत मतदान जरूरी है। जरूरत है कि हम अपने मत का मौल समझे शेखावत ने कहा कि हम लोग मतदान को पर्व की तरह लें । यह हमारा कर्तव्य भी है और अधिकार भी । अतः बिना किसी दबाव के मतदान प्रक्रिया में भाग लें व एक जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभायें ।बैठक में उपायुक्त सतर्कता एस0के0 मैहरानियां, संजु पारीक, नूर मोहम्मद, कोशल कठूमरा, सरोज ढाका, उप निदेशक जन सम्पर्क मोती लाल वर्मा, उप निरीक्षक सतर्कता अनिल सिंह, डीपीओ एनयूएलएम अमित शर्मा सहित व्यापार संगठनों, स्वंयसेवी संस्थाओं एवं टाउन वैंडिग कमेटी के प्रतिनिधियों सहित निगम की सतर्कता एवं अग्निशमन शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

### आरएएस प्री 2023 के परिणाम व उत्तरकुंजी को चुनौती, कोर्ट ने सचिव से मांगा जवाब

**चमकता राजस्थान।** जयपुर!(का.सं)हाईकोर्ट ने आरएएस भर्ती 2023 के प्री परीक्षा परिणाम व उत्तरकुंजी में 17 विवादित प्रश्न उत्तरों के मामले में आरपीएससी सचिव से जवाब देने के लिए कहा है। वहीं पूछा है कि क्यों ना प्रार्थियों को मुख्य परीक्षा में शामिल किया जाए।उत्तरकुंजी के प्रश्न संख्या 2,16,18 19, 22, 39, 44, 49, 50, 55, 61,76, 82, 87,115,126 व 149 में से पांच प्रश्नों को डिलीट कर दिया गया और बाकी प्रश्नों के जवाब प्रार्थियों के सही थे। लेकिन उन्हें सही नहीं माना गया। ऋषभ राज व अन्य की याचिका पर हुए आदेश।जस्टिस इंदरजीत सिंह की एकलपीठ ने दिए आदेश , एडवोकेट शिवात्मा कुमार टांक, नेहा गोदारा, अलमास खानम ने की पैरवी।

## विधायक बनने के बाद सांगानेर में विकास को लगेंगे पंखः भारद्वाज

चमकता राजस्थान

जयपुर। (खलील कुरैशी) सांगानेर से कांग्रेस प्रत्याशी भारद्वाज ने शुक्रवार को मानसरोवर स्थित एक गार्डन में युवा कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाने की अपील की। साथ ही सांगानेर विधानसभा में 5 साल के कार्यों के बारे में लोगों के बीच प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आशीर्वाद से मैंने सांगानेर में विकास के कई कार्य कराए। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के चलते जनता का रुझान इस बार कांग्रेस की तरफ है। इसलिए अब भाजपा प्रत्याशी भी विकास की गंगा बहाने के बड़े-बड़े वादे कर रहे हैं। भारद्वाज ने कटाक्ष




करते हुए कहा कि यदि भाजपा की नियत विकास कार्य करने की होती, जनता ने उन्हें 20 साल से अधिक का समय दिया था। लेकिन, हर बार जनता को ठगने के अलावा इन्होंने कुछ नहीं किया। इन चुनावों में अपनी हार सामने देख भाजपा प्रत्याशी वादे कर जनता को फिर ठगने का नाकाम प्रयास कर रहे हैं। क्योंकि जनता पिछले 20 साल में उनका दोहरा चेहरा और चरित्र जान चुकी है। भारद्वाज ने कार्यकर्ताओं से कहा कि जनता का मूड इस बार कांग्रेस को जितने का है इसलिए सभी को विधानसभा के हर घर तक पहुंच कर विकास कार्यों को बताना है। उन्होंने कहा कि विधायक बनने के बाद सांगानेर में विकास के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। इस सम्मेलन में 5000 युवा कार्यकर्ता शामिल हुए। बूथ जीतो, चुनाव जीतो का संकल्प भी लिया।

- **भारद्वाज ने पूछा सवाल, क्या 25 करोड़ का मालिक किसी अजनबी को बना दोगे**

» इससे पहले भारद्वाज ने विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंवाद किया और कई धार्मिक–सामाजिक कार्यक्रमों में हिस्सा भी लिया। इस दौरान उन्होंने लोगों से कहा कि विधायक को 5 साल में 25 करोड रुपए का विकास कार्यों के लिए फंड मिलता है। क्या आप उस फंड को किसी अनजान व्यक्ति क को देना चाहोगे या फिर किसी अपने भाई–बेटे को। उन्होंने कहा कि हम 100 भी किसी अनजान व्यक्ति को नहीं देते हैं। मैं अपने भाई बेटे पुष्पेंद्र भारद्वाज को विधायक बनाएं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि फंड से सांगानेर मैं विकास की गंगा बहा दूंगा। इस दौरान भारद्वाज को कई जगह केलो से तोला गया। उन्होंने कई जगह कार्यालयों का उद्घाटन भी किया।

- **जैन समाज ने दिया पुष्पेंद्र भारद्वाज को समर्थन**

» नारायण सिंह सर्किल स्थित भट्टारक जी की नसिया में पुष्पेंद्र भारद्वाज के समर्थन में जैन समाज की विशाल मीटिंग हुई। इस दौरान जैन समाज ने पुष्पेंद्र भारद्वाज के विकास कार्यों और कोरोना में की गई उनकी निस्वार्थ सेवा से प्रभावित होकर चुनाव में उनका समर्थन देने का ऐलान किया। जैन समाज के समर्थन में आने से पुष्पेंद्र भारद्वाज की स्थिति और भी मजबूत हो गई है।

## विधानसभा आम चुनाव- 2023

### शुक्रवार 1 हजार 863 वोटर्स ने उठाया होम वोटिंग सुविधा का लाभ,- चार दिनों में 6 हजार से ज्यादा मतदाताओं ने किया घर से मतदान

चमकता राजस्थान

**जयपुर,!(खलील कुरैशी)17 नवंबर।** विधानसभा चुनावों में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश की अनुपालना में होम वोटिंग प्रक्रिया जारी है। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 14 नवंबर से शुरू हुई होम वोटिंग के तहत विगत 4 दिनों में कुल 6 हजार 12 मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। विधानसभा चुनाव के तहत 80 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग श्रेणी के विशेष योग्यजन मतदाताओं को विधानसभा चुनाव के लिए घर पर मतदान करने की सुविधा दी जा रही है।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार को होम वोटिंग के लिए कुल 1 हजार 927 मतदाताओं में से 1 हजार 863 मतदाताओं ने मतदान किया वहीं 64 मतदाता अनुपस्थित रहे। होम वोटिंग के चौथे दिन कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में



116, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 44, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 36, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 74, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 129, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 138, जमवारागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 100, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 103 एवं विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 120 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

वहीं, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में 206, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 99, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 87, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 139, सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 117, बगरू विधानसभा क्षेत्र में 164, बस्सी विधानसभा क्षेत्र में 61, चाकसू विधानसभा क्षेत्र में 130 मतदाताओं ने घर से ही मतदान सुविधा का लाभ उठाया।गौरतलब है कि विधानसभा आम चुनाव में पहली बार होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। जिन वोटर्स ने होम वोटिंग का विकल्प चुना हैं वे 19 नवंबर तक मतदान कर पाएंगे। कुल 19 विधानसभा क्षेत्रों में 7230 वोटर्स ने इस सुविधा के लिए आवेदन किया है, जिसमें 6328 के 80 वर्ष से अधिक एवं 902 विशेष योग्यजन मतदाता हैं।

### दामाद की पेट्रोल डालकर आग लगाकर हत्या करने के आरोप में ससुरालजनों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान।** भुसावर (राजवीर सिंह) भुसावर के गांव इटामडा में पत्नी को लेने ससुराल आये दामाद की पेट्रोल डाल आग लगाकर हत्या कर देने के आरोप में पुलिस ने पत्नी, सास तथा ससुर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी विजय सिंह ने बताया कि 29 अक्टूबर को गांव इटामडा में पत्नी को लेने ससुराल आये नांगल लॉट थाना टोडाभीम जिला गंगापुर सिटी निवासी मनीराम को 31 अक्टूबर को 70 प्रतिशत जली हालत में सीएचसी भुसावर से आरबीएम अस्पताल भरतपुर को रैफर किया गया था लेकिन इलाज के दौरान मनीराम की मृत्यु हो गई। इस मामले में आरोपी 50 वर्षीय ससुर लक्ष्मीनारायण पुत्र बालू, 45 वर्षीया सास श्रीमति अंगूरी पत्नी लक्ष्मीनारायण व 21 वर्षीया पत्नी मौमस पत्नी मनीराम पुत्री लक्ष्मीनारायण प्रजापत निवासी इटामडा थाना भुसावर को गिरफ्तार किया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### पुलिस की लाचार व्यवस्था सरकार द्वारा कानून व्यवस्था को प्राथमिकता नहीं देने का नतीजा : दीया कुमारी



**चमकता राजस्थान।** जयपुर (खलील कुरैशी)17 नवंबर हरमाड़ा क्षेत्र में एक महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है जिसकी जानकारी होने के तुरंत बाद, सांसद और विद्याधर नगर से भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी तुरंत ही मौके पर पहुंची और मामले के बारे में जानकारी ली। दिया कुमारी ने कहा कि इस घटना से यह साबित होता है कि पुलिस की लाचार व्यवस्था सरकार द्वारा कानून व्यवस्था को प्राथमिकता नहीं देने का नतीजा है। यह कांग्रेस सरकार एवं प्रशासन की संवेदनहीनता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। कानून के हस्तक्षेप के साथ-साथ समाज में इस प्रकार की हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।आज की यह घटना कांग्रेस सरकार की विफलता साबित कर रही है।उन्होंने कांग्रेस के प्रत्याशी को लताड़ लगाते हुए कहा कि जब विद्याधर नगर में इतनी ह्रदय विदारक घटना हो गयी, उसके बावजूद वे या उनका कोई प्रतिनिधि पीडिता के हाल जानने भी नहीं आया।
मुझे लगता है कि मेरे विरोधियों को रोड शो करने की बजाय उसे घटनास्थल पर होना चाहिए और बाज़ारो में अपनी जय जयकार कराने के बजाय, क्या उनका कर्तव्य नहीं था कि वो उस बहन के पास जायें? मेरे लिए सबसे ज़रूरी घटनास्थल पर पहुँच कर पीडिता का दर्द जानना था इसलिए मैं तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। दिया कुमारी ने कहा कि कोई भी अगर मेरी बेटी मां बहन पर उंगली उठाएगा, तो उसे पहले मेरा सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा की जब भी प्रदेश में ऐसी घटनाओं हुई हैं मैंने सुनिश्चित किया है कि मैं परिवार के साथ खड़ी रहूं।इस दौरान जनसभा में मंडल पदाधिकारी, वार्ड पार्षद, कार्यकर्ता सहित काफी बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे। सभी ने कांग्रेस को उखाड़ फेंकने का संकल्प भी लिया।

### जे पी चांवरिया द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने हेतू आमंत्रण देकर प्रोत्साहित किया

**चमकता राजस्थान।** भरतपुर ( दीपचंद शर्मा) भरतपुर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, के संयुक्त निदेशक जे पी चांवरिया द्वारा भरतपुर के तत्वावधान में स्वीप के अंतर्गत विशेष योग्यजन, ट्रांसजेंडर्स व घुमंतू समुदाय के लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित करने के लिए उनकी बस्तियों में जाकर व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर आमंत्रण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। उपरोक्त गतिविधियों में प्रबल सोसायटी व हरगोविंद, अध्यक्ष, दिव्यांग जन सहयोग द्वारा बढ़ चढ़ के भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सभी ने बावरिया बस्ती, गाड़िया बस्ती व किन्नर बस्ती में लोगों से व्यक्तिगत चर्चा की।

विधानसभा आम चुनाव- 2023

### युवाओं में मतदान का रुझान बढ़ाने के लिए सेल्फी कॉन्टेस्ट,जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जिला स्वीप टीम का नवाचार

- **सबसे ज्यादा लाइक प्राप्त करने वाली सेल्फी को मिलेगा 10 हजार का पुरस्कार**
- **द्वितीय विजेता को 5 हजार एवं तृतीय विजेता को मिलेगा 3 हजार का नगद पुरस्कार**

**चमकता राजस्थान।** जयपुर! (खलील कुरैशी)17 नवंबर। विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने एवं युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी श्री प्रकाश राजपुरोहित ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सेल्फी कॉन्टेस्ट के रूप में एक अनूठा नवाचार किया है।जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि यूथ को बूथ तक लाने के लिए मतदान दिवस 25 नवंबर को सेल्फी कॉन्टेस्ट आयोजित किया जाएगा। कॉन्टेस्ट में भाग लेने के लिए प्रतिभागी को मतदान केन्द्र पर वोट डालने के बाद सेल्फी पॉइन्ट पर जाकर सेल्फी लेनी होगी। इसके बाद सेल्फी को विधानसभा क्षेत्र एवं भाग संख्या के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी के फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम सोशल मीडिया हैंडल (@ïड्ढंस्त्र४१) पर टैग करना होगा।उन्होंने बताया कि सेल्फी कॉन्टेस्ट में सर्वाधिक लाइक प्राप्त करने वाली सेल्फी को नगद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। विजेताओं को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10 हजार, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 5 हजार एवं तृतीय पुरस्कार के रूप में 3 हजार का नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा।

### कांग्रेस ने राजस्थान में इतने पेपर लीक किए हैं कि जनता ने कांग्रेस की हार और भाजपा की जीत का पेपर लीक कर दिया है: शाह

**अजमेर।** राजस्थान में चुनावी समर अपने चरम पर है। ऐसे में, भाजपा की जीत को सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के स्टार प्रचारक अमित शाह मैदान में उतर चुके हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता अमित शाह ने राजस्थान की मसूदा और नसीराबाद विधानसभाओं में आयोजित विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि, 'कांग्रेस ने राजस्थान में इतने पेपर लीक किए हैं कि राजस्थान की जनता ने कांग्रेस की हार और भाजपा की जीत का पेपर लीक कर दिया है। गहलोत सरकार ने भर्ती की प्रक्रिया में इतना भ्रष्टाचार किया, जिसका बदला राजस्थान की जनता लेगी और उन्हें सरकार में दुबारा भर्ती नहीं होने देगी।'
राजस्थान की जनता यह जान चुकी है कि पिछले पाँच सालों में पेपर लीक करवाकर गहलोत जी ने राजस्थान के 1 करोड़ 40 लाख से ज्यादा युवाओं का जीवन बर्बाद करने का काम किया है। कांस्टेबल भर्ती पेपर से लेकर हाई कोर्ट एलडीसी भर्ती पेपर, एसआई भर्ती पेपर, चिकित्सा अधिकारी भर्ती पेपर, जेईएन सिविल डिग्री पेपर, रीट लेवल 2 का पेपर, वन रक्षक भर्ती पेपर, बिजली विभाग में तकनीकी भर्ती का पेपर हर साल लीक हो रहा है। जिन्होंने इतना पेपर लीक करवाया, वो युवाओं का क्या भला करेंगे? पिछले पाँच सालों में गहलोत सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति में सारी सीमाएँ लांघ दी है। गहलोत सरकार बनने के बाद प्रदेश में लगातार सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएँ घटित हुई हैं।

# मैं महलों वाला नहीं हूं, लेकिन विद्याधर नगर को अच्छे से जानता हूं: सीताराम अग्रवाल

## कई वार्डों में किया जनसंपर्क, रात तक मिले लोगों से अग्रवाल

चमकता राजस्थान

### आपका कोई भी काम पांच साल नहीं रूकेगा, यह मेरा वादा है, जनता ने फूल माला पहनाकर किया सीताराम अग्रवाल का स्वागत



जयपुर। (खलील कुरैशी) विद्याधर नगर से कांग्रेस प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल ने शुक्रवार को विधानसभा के विभिन्न वार्डों में जनसंवाद किया और कई कार्यालयों के उद्घाटन भी किए। अग्रवाल की जनसंपर्क की सूचना पाते ही महिलाएं, युवा और बुजुर्ग सहित सभी उम्र के मतदाता स्वतः ही वहां पहुंच जाते हैं। उनका कहना है कि जिस व्यक्ति ने पांच साल हमारे लिए संघर्ष किया है, उसे अब मुकाम दिलाने का समय आ चुका है। आमजन का कहना है कि भाजपा प्रत्याशी बाहर का है, उसका ठिकाना ही हम लोगों को मालूम नहीं है। अभी भी बाहर से आए लोग जनता के बीच नहीं बल्कि गाड़ियों में ही घूम रहें है। हमने उसे वोट दे भी दिया तो वे हमें जानते नहीं है। ऐसे में हमारे कार्य होंगे ही नहीं।
इस दौरान उपस्थित जन समूह ने अग्रवाल का माला-साफा पहनाकर स्वागत किया। सभी लोगों ने बैंड बाजे के साथ नाचते-गाते अग्रवाल के साथ जनसंपर्क किया। उन्होंने हाथ जोड़कर इन चुनावों में विजयी बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा जनता की निस्वार्थ सेवा करता आ रहा हूं।
अग्रवाल ने विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क किया। इस दौरान लोगों ने मुंह मीठा करा कर अग्रवाल का स्वागत किया। इस दौरान सीताराम अग्रवाल ने कहा कि यह चुनाव मेरा नहीं है, आप सभी का है। अपने सभी परिजनों को इस बार अग्रवाल को वोट देने का आग्रह करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं से भी आ''ान किया कि वह प्रत्येक घर तक जाकर सीताराम अग्रवाल की ओर से विधानसभा में किए गए विकास कार्यों के बारे में बताएं।
भाजपा प्रत्याशी के बाहरी होने से स्थानीय कार्यकर्ता नहीं जुट पा रहे है ऐसे में क्षेत्र में स्थानीय बनाम बाहरी का मुद्दा हावी हो रहा है। गौरतलब है कि इस बार सीताराम अग्रवाल की 5 साल की सक्रियता के चलते कांग्रेस विद्याधर नगर में मजबूत नजर आ रही है।
कांग्रेस प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल ने मुरलीपुरा, हरमाड़ा, निवारू रोड, विद्याधर नगर सहित कई इलाकों में जनसंपर्क किया। लोगों ने सीताराम अग्रवाल का फूल माला पहनाकर और साफा पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान सीताराम अग्रवाल ने कहा कि आपका यह प्यार मेरा विश्वास है। मैं आपके साथ हमेशा रहा हूं और आगे भी रहूंगा।

विधानसभा आम चुनाव- 2023

## मधुर स्वर ध्वनियों से किया मतदान का आह्वान

- **मतदाता जागरूकता अभियान सतरंगी सप्ताह के तहत हुआ आयोजन**
- **हजारों श्रमिकों ने लिया 25 नवंबर को मतदान करने का संकल्प**



चमकता राजस्थान

जयपुर,!(खलील कुरैशी)17 नवंबर। एक सफल एवं स्वस्थ लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। आगामी विधानसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जयपुर जिले में सतरंगी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।
सतरंगी सप्ताह के दूसरे दिन सीतापुरा औद्योगिक क्षेत्र में सांगानेर एवं बगरू विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को जिला स्वीप टीम द्वारा पुलिस बैंड वादन से मतदान के लिए प्रेरित किया गया। अंगुली पर निशान, राष्ट्र के नाम थीम पर आयोजित समारोह में पुलिस की बैंड वादन टुकड़ी ने मैं भारत हूं गीत सहित कई आकर्षक प्रस्तुतियां दीं।इस दौरान जिला स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने मौके पर मौजूद हजारों श्रमिकों को मतदान की शपथ दिलाई। उन्होंने सभी से अपने मताधिकार का प्रयोग करने एवं 25 नवंबर को प्रत्येक मतदाता को मतदान केन्द्र तक ले जाने का आ''ान किया। साथ ही मौजूद लोगों को केवाईसी, सी-विजिल, सक्षम एवं वोटर्स हेल्पलाइन एप के बारे में भी जानकारी दी।

विधानसभा आम चुनाव- 2023

### सामान्य पर्यवेक्षक ने एमसीएमसी एवं मीडिया प्रकोष्ठ का किया निरीक्षण, मीडिया सह प्रभारी की मौजूदगी में अधिकारियों को दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**चमकता राजस्थान।** जयपुर, !(खलील कुरैशी)17 नवंबर। विधानसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक विवेक पांडे ने जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित एमसीएमसी एवं मीडिया प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया। इस दौरान सह प्रभारी, मीडिया प्रकोष्ठ मान सिंह मीणा ने एमसीएमसी कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एमसीएमसी कंट्रोल रूम में 24 घंटे राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय न्यूज चैनल्स एवं एफएम चैनल्स की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही है एवं समाचार पत्रों में प्रकाशित होने वाली पेड न्यूज एवं फेक न्यूज पर भी पूरी नजर रखी जा रही है।इससे पहले सामान्य पर्यवेक्षक विवेक पांडे ने सोशल मीडिया प्रकोष्ठ, एमसीसी कंट्रोल रूम एवं सी-विजिल कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को सभी नियंत्रण कक्षों में व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये। इस दौरान निर्वाचन आदर्श आचार संहिता प्रकोष्ठ प्रभारी रामवतार गुर्जर, उपनिदेशक जनसंपर्क मनमोहन हर्ष सहित जनसंपर्क सेवा के अधिकारी मौजूद रहे।

### जनसम्पर्क कर जन आशीर्वाद जुटाने में लगे इन्द्राज गुर्जर



**चमकता राजस्थान।** पावटा,!(ललित शर्मा)विराटनगर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी इन्द्राज गुर्जर क्षेत्र में लगातार जन सम्पर्क कर जन आशीर्वाद जुटाने में लगे हैं। गुर्जर ने शुक्रवार को विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के भाबरु, ढाणी गैसकान, बडोदा, नीलका, आंतेला,रामपुरा, नीमली, झीडागढ- श्योलालपुरा, बजरंगपुरा, कैरली, काशनपुरा, धूलकोट, बनिया का बास, सुरपुरा, बहादुरपुरा, जयसिंहपुरा, ढाणी पाना की, ठीकरिया और गुढा में जनसम्पर्क कर जन आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर इन्द्राज गुर्जर ने कहा कि पॉच साल जनता जनार्दन की सेवा करते हुए विराटनगर के विकास के लिए मेहनत की है। जनता विकास कार्यो से खुश है और विराटनगर में विकास की गति को आगे बढाने के लिए कांग्रेस के साथ खडी है।

## रत्तीभर भी भरोसे के काबिल नहीं भाजपा : लोकेश शर्मा

चमकता राजस्थान



जयपुर (खलील कुरैशी)एक तरफ जहाँ भाजपा अपने संकल्प पत्र को लेकर खुद ही मुँह मियां मिट्ठू बनी हुई है, सीएम के ओएसडी और कांग्रेस के सेंट्रल वॉर रूम के को-चैयरमेन लोकेश शर्मा ने इसे झूठ के पुलिन्दे और रस्मअदायगी से ज्यादा कुछ नहीं करार दिया है.
उन्होंने कहा है कि ''रत्तीभर भी भरोसे के काबिल नहीं इखढ का कोई भी संकल्प। जगजाहिर है कि भारतीय जनता पार्टी संकल्प पत्रों से नहीं बल्कि तिकड़मों से राजनीति करती हैड्ड जवाबदेही, पारदर्शिता, सुशासन, वादों पर खरा उतरना, जनता के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता जैसे लोकतान्त्रिक शब्द और मूल्य इनकी नीति और नियत का हिस्सा ही नहीं..!!उस पार्टी का घोषणा पत्र राजस्थान की जनता की नज़र में झूठ के पुलिन्दे और रस्मअदायगी से ज्यादा कुछ नहीं है।
भाजपा द्वारा चुनी हुई सरकारों को गिराने की कोशिशों को लेकर भी लोकेश शर्मा ने करारी चोट करते हुए कहा है कि '' भाजपा के आज तक के संकल्पों का हाल जनता ने देखा है। चुनी हुई सरकारों को गिराने की साजिशें, किसी भी तरह सत्ता हथियाने के प्रपंच, विपक्ष के खिलाफ दबाव की राजनीति, केंद्रीय एजेंसियों का भरपूर दुरुपयोग और जनता को नादान समझने की गलतफहमी रखते हुए उससे झूठे वादे करते जाना ही भाजपा का असली संकल्प है। देश की महिलाऐं, किसान, गरीब, नौजवान हर वर्ग भाजपा के धोखे का शिकार हुआ हैड्ड '' शर्मा ने आगे कहा है कि राजस्थान का संकल्प है-हाथ के साथ चलेगा राजस्थानड्ढफिर से कांग्रेस चुनेगा राजस्थान।''

## राजस्थान में बहुमत के साथ आ रही है गहलोत सरकार: कन्हैया कुमार

# किशनपोल विधानसभा की जनता अपने लाड़ले कांग्रेस प्रत्याशी अमीन कागजी को दे रही बेशुमार प्यार एवं जनसमर्थन

जयपुर। (खलील कुरैशी)

### योजनाओं के दम पर फिर बदलेगा रिवाज



कन्हैया कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात करते हुए कहा की उनकी गारंटी कभी पूरी नहीं होती। अब राजस्थान में 450 रूपए में गैस सिलेंडर दे रहे है,तो क्यों न पहले इसे गुजरात या उत्तर प्रदेश से शुरू नहीं कर देते। इस बार कांग्रेस मिजोरम,छतीसगढ, मध्यप्रदेश के साथ राजस्थान में सरकार बना रही है। भाजपा ने अब हिन्दु मुस्लिम की राजनीति छोड़ मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की तरह गारंटी योजना लागू करना चाह रही है। कन्हैया कुमार ने जालुपुरा मैन बाजार में किशनपोल से कांग्रेस प्रत्याशी अमीन कागजी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान भाजपा के सात वरिष्ठ नेताओं ने भी कांग्रेस में शामिल हुए। इस दौरान अमीन कागजी ने कहा कि बरसों पुरानी दरबार स्कूल में 45 छात्र ही बच गए थे,तब सरकार ने 150 करोड़ में स्कूल का जिर्णोद्वार किया तो अब 750 छात्र पढ रहे।

### भाजपा नेता भी गहलोत सरकार की योजनाओं की कर रहे तारीफ

» कन्हैया कुमार ने कहा की मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की इन योजनाओं के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे या किसी भाजपा कार्यकर्ता से भी चर्चा करेंगे तो वे भी इसकी सराहना करेंगे। तभी तो मोदी ने कहा कि हम गहलोत सरकार की इन योजनाओं को बंद नहीं करेंगे,यानि स्वयं मोदी मानते है कि यह योजनाएं आमजन के लिए ही है। लेकिन कही 15 लाख की तरहे वे झांसा तो नहीं दे रहे।

### मुस्लिम-दलित विरोधी है भाजपा-पठान

» जनसभा में आरसीए के उपाध्यक्ष अमीन पठान भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के पन्द्रह लाख सहित कई जुमलों के चलते भाजपा नेताओं को मुंह छुपाना पड़ता है। प्रदेश में आबादी के अनुसार 11 फिसदी मुस्लिम जनसंख्या होने के बावजूद भाजपा ने एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा। यह इनकी मुस्लिम और दलित विरोधी रणनीति को साफ दर्शाता है।

## एक नजर

### आईएनएस विक्रांत को मिला परिचालन का दर्जा, अब युद्ध मोड में तैनाती के लिए तैयार



**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत ने पूर्ण परिचालन क्षमता हासिल कर ली है। अब युद्ध मोड में तैनात होने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारतीय नौसेना इस जहाज को संचालन के लिए हिंद महासागर क्षेत्र और उससे आगे कहीं भी तैनात कर सकती है। हिंद महासागर क्षेत्र में चीन की बढ़ती उपस्थिति के बीच इस युद्धपोत की तैनाती भारत की ताकत बढ़ाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल 02 सितम्बर को भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत 'विक्रांत' राष्ट्र को सौंपा था, जिसे समुद्री जंग के लिहाज से तैयार किया जा रहा था। एडमिरल आर हरि कुमार ने हाल ही में कहा था कि आईएनएस विक्रांत को इसी साल नवंबर तक पूरी तरह से चालू करने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। तमाम तरह के परीक्षणों के दौर से गुजरने के बाद आखिरकार आईएनएस विक्रांत को पूर्ण परिचालन का दर्जा मिल गया है। फिलहाल पोत पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे। अमेरिका से खरीदे गए एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर भी शक्तिशाली पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं के साथ बोर्ड पर होंगे। भारतीय नौसेना को आईएनएस विक्रांत के लिए 26 नए राफेल लड़ाकू विमान खरीदने पर विचार कर रही है। नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा था कि विक्रांत का संचालन शुरू होने के बाद ही 2023 में नए विमानवाहक पोत पर निर्णय लिया जाएगा। इसी के मद्देनजर नौसेना ने आखिरकार अपने दूसरे स्वदेशी विमानवाहक पोत 'आईएसी-2' की मेगा डील को मंजूरी देने के लिए केंद्र सरकार के पास प्रस्ताव भेज दिया है। भारत के लिए इस तरह के तीन विमानवाहक पोतों की जरूरत बताई जा रही है, ताकि भारतीय नौसेना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में तैनात सभी नौसेनाओं के साथ तालमेल बनाया जा सके। दूसरे स्वदेशी विमानवाहक पोत को 'आईएसी-2' के नाम से जाना जाएगा। सरकार से आईएसी-2 की मंजूरी मिलने के बाद यह कार्यक्रम केरल में कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड के माध्यम से कई हजार प्रत्यक्ष और कई गुना अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करेगा।

### लाहौर में 'स्मॉग' से निपटने के लिए कृत्रिम बारिश कराएगी पाकिस्तान सरकार




**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब सूबे की राजधानी लाहौर में धुंध (स्मॉग) की समस्या से निपटने के लिए वहां की सरकार ने लाहौर में कृत्रिम बारिश की योजना बनाई है। यह देश में अपनी तरह का पहला प्रयोग होगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस संबंध में प्रांतीय पर्यावरण मंत्री बिलाल अफजल और शिक्षा मंत्री मंसूर कादिर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई, जिसमें शहर में स्मॉग को नियंत्रित करने के लिए लघु, मध्यम और दीर्घकालिक उपायों के मूल्यांकन पर चर्चा की गई। बैठक में पर्यावरण सचिव राशिद कमालुर रहमान, पर्यावरण संरक्षण विभाग, स्पार्को और विभिन्न विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्मॉग को खत्म करने के लिए कृत्रिम वर्षा पर भी विचार-विमर्श के बाद निर्णय लिया गया कि 28 या 29 नवंबर को बादल छाए रहने की संभावना होने पर कृत्रिम वर्षा के संबंध में तैयारी की जानी चाहिए। प्रांतीय मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बारिश कराने के लिए एक टीम और कार्य समूह का गठन किया जाना चाहिए, जो कृत्रिम बारिश कराने के लिए विमान उपलब्ध कराने पर परामर्श करेगा। बिलाल अफ़ज़ल ने कहा कि बादल ज़रूरी हैं और कार्य समूह को कृत्रिम बारिश के सभी पहलुओं पर विचार करना होगा। उन्होंने कहा कि कार्य समूह के अंतिम प्रस्तावों को मंजूरी के लिए मुख्यमंत्री के पास भेजा जाएगा। पंजाब के लाहौर झंग, हफीजाबाद, खानेवाल, ननकाना, बहावलनगर और शेखूपुरा जिले सबसे खराब वायु प्रदूषण का सामना कर रहे हैं।

# जेल में IMF और EU के अफसरों से मिलते हैं: खान की पार्टी के प्रेसिडेंट परवेज इलाही का दावा



**लाहौर।** इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (PTI) के प्रेसिडेंट चौधरी परवेज इलाही ने गुरुवार को दावा किया कि इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (IMF) और यूरोपीय यूनियन (EU) के अफसर जेल में भी इमरान से मुलाकात करते हैं। इमरान खान को करप्शन केस में दोषी पाए जाने के बाद पांच साल की सजा सुनाई गई थी। वो इस वक्त रावलपिंडी की अडियाला जेल में कैद हैं। परवेज इलाही भी मनी लॉड्रिंग मामले में इसी जेल में बंद हैं। इलाही को पुलिस मनी लॉड्रिंग केस में सुनवाई के लिए लाहौर की अदालत लाया गया था। अदालत के बाहर उन्होंने मीडिया से बातचीत की। कहा- इमरान कितने बड़े नेता हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वो IMF और EU के अफसर अकसर उनसे जेल में मुलाकात करते हैं। हम पहले भी खान के साथ खड़े थे और आगे भी खड़े रहेंगे। एक सवाल के जवाब में इलाही ने कहा- मुल्क में जब भी इलेक्शन होंगे, आप देखेंगे कि हम बहुत बड़ी कामयाबी हासिल करेंगे। सुप्रीम कोर्ट के वादे पर भरोसा किया जाना चाहिए। उसने निष्पक्ष और बिना धांधली के चुनाव कराने का भरोसा दिलाया है। हम भी उम्मीद करते हैं कि इस बार चुनाव में किसी तरह की धांधली नहीं होगी। इलाही ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज और शाहबाज को लाडला बताया, लेकिन फौज का नाम लेने से परहेज किया। नवाज हाल ही में चार साल बाद लंदन से लौटे हैं और अपनी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (PML-N) के स्टार कैंपेनर हैं। पाकिस्तान में हमेशा उसी पार्टी की सरकार बनती रही है, जिसके फौज से अच्छे रिश्ते होते हैं। 2018 में इमरान भी फौज के चहेते थे और इसी वजह से प्रधानमंत्री बन पाए थे। पिछले साल की शुरुआत में फौज से रिश्ते खराब हुए तो सरकार भी गई और अब जेल में हैं। माना जा रहा है कि नवाज शरीफ किसी डील के तहत लंदन से पाकिस्तान आए हैं और उनकी पार्टी ही चुनाव जीतेगी। अगर ऐसा हुआ तो नवाज ही चौथी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनेंगे। चुनाव 8 फरवरी 2024 को होंगे। दो हफ्ते पहले पहले आसिफ अली जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (PPP) के एक नेता ने अहम बयान दिया था। पार्टी के सीनियर लीडर राणा फारूक सईद ने कहा था- हम दूसरी पार्टियों के साथ चुनावी गठबंधन कर सकते हैं। इसमें PTI भी शामिल है, क्योंकि हमें PML-N से मुकाबला करना है। आसिफ अली जरदारी पूर्व राष्ट्रपति हैं। इमरान के दौर में कई विपक्षी नेताओं को जेल भेजा गया था। आसिफ अली जरदारी भी इनमें शामिल रहे हैं। पहले खबरें थीं कि PPP और नवाज शरीफ की पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग- नवाज (PML-N) अलायंस कर सकते हैं। कुछ दिन पहले जब नवाज शरीफ लंदन से पाकिस्तान लौटे तो जरदारी की सोच बदल गई। दरअसल, जरदारी अपने बेटे बिलावल भुट्टो को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर देखना चाहते हैं, लेकिन नवाज की वापसी ने सियासी पलड़ा PML-N की तरफ झुका दिया है। फौज भी नवाज के साथ नजर आ रही है। अदालतों से भी उन्हें वहीं राहत मिल रही है, जो पिछले इस साल जुलाई तक इमरान खान को मिलती थी। लिहाजा, अब पाकिस्तान की सियासत में बदलाव देखने मिल सकते हैं। PPP लीडर राणा फारूक सईद के बयान में एक और अहम बात कही। उनके मुताबिक- सियासी गठजोड़ बनते और टूटते रहते हैं। इसमें कोई नई बात नहीं है, लेकिन निजी रंजिश की कोई गुंजाइश सियासत में नहीं होनी चाहिए। अगर इलेक्शन में किसी पार्टी को हिस्सा लेने से रोका गया तो हम चुनाव के नतीजों को कबूल नहीं करेंगे। अब इसके मायने समझिए।

## साहित्यकार से.रा.यात्री का निधन, अंतिम संस्कार आज अपराह्न तीन बजे गाजियाबाद में



**नई दिल्ली।** देश के वरिष्ठ हिन्दी साहित्यकार से.रा. यात्री का आज सुबह निधन हो गया। उन्होंने गाजियाबाद के कवि नगर में अपने घर पर अंतिम सांस ली। से.रा. यात्री का अंतिम संस्कार हिंडन श्मशान घाट (गाजियाबाद) पर अपराह्न तीन बजे होगा। वह कुछ समय से बीमार थे। यह जानकारी उनके परिजनों के करीबी एडवोकेट प्रवीण ने दी। 10 जुलाई 1932 को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में जन्मे सेवा राम यात्री साहित्य की दुनिया में से.रा.यात्री के नाम से ख्यातिलब्ध हुए। उन्होंने करीब 18 कथा संग्रह, 33 उपन्यास, दो व्यंग्य संग्रह लिखे। इसके अलावा एक कथा संग्रह और संस्मरण कृति का संपादन किया। उनके उपन्यासों में दराजों में बंद दस्तावेज, लौटते हुए, कई अंधेरों के पार, अपरिचित शेष, चांदनी के आरपार, बीच की दरार, टूटते दायरे, चादर के बाहर, प्यासी नदी, भटका मेघ, आकाशचारी, आत्मदाह, बावजूद, अंतहीन, प्रथम परिचय, जली रस्सी, युद्ध अविराम, दिशाहारा, बेदखल अतीत, सुबह की तलाश, घर न घाट, आखिरी पड़ाव, एक जिंदगी और, अनदेखे पुल, कलंदर, सुरंग के बाहर, कथा संग्रह में केवल पिता, धरातल, अकर्मक क्रिया, टापू पर अकेले, दूसरे चेहरे, अलग-अलग अस्वीकार, काल विदूषक, सिलसिला, अकर्मक क्रिया, खंडित संवाद, नया संबंध, भूख तथा अन्य कहानियां, अभयदान, पुल टूटते हुए, विरोधी स्वर, खारिज और बेदखल, परजीवी, व्यंग्य संग्रह में किस्सा एक खरगोश का, दुनिया मेरे आगे, संस्मरण में लौटना एक वाकिफ उम्र का शामिल है। उनकी पत्नी उषा देवी, दो पुत्रियों का निधन हो चुका है। अब उनके परिवार में एक पुत्री और दो पुत्र आलोक यात्री और अनुभव यात्री हैं।

## बांग्लादेश में आम चुनाव रद्द करने की मांग को लेकर विपक्ष का देशव्यापी हड़ताल



**ढाका।** बांग्लादेश में आम चुनाव को रद्द करने की मांग को लेकर विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने गुरुवार को 48 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया। इसके साथ विपक्ष ने यह भी दावा किया कि इस चुनाव का उद्देश्य प्रधानमंत्री शेख हसीना की आवामी लीग को लगातार चौथे कार्यकाल के लिए सत्ता में लाना है। बांग्लादेश के मुख्य चुनाव आयुक्त काजी हबीबुल अवल के बहुप्रतीक्षित आम चुनाव 7 जनवरी की घोषणा के बाद विपक्षी दल का यह बयान आया है। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव रुहुल कबीर रिजवी ने रविवार सुबह 6 बजे से दो दिवसीय आम हड़ताल का आह्वान किया। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के नेतृत्व वाली पार्टी ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा को खारिज किया और चुनाव प्रक्रिया जारी रखने के सरकार के फैसले के खिलाफ विरोध जारी रखने का संकल्प लिया है। बीएनपी के वरिष्ठ नेता अब्दुल मोईन खान ने कहा, बांग्लादेश में हर कोई इस चुनाव के नतीजे को जानता है। धुर दक्षिणपंथी जमात-ए-इस्लामी सहित बीएनपी के कई सहयोगियों ने हड़ताल के आह्वान को समर्थन दिया, जिससे कानून प्रवर्तन एजेंसियों को देशव्यापी सुरक्षा चौकसी बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ा और राजमार्गों और प्रमुख शहरों की सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बलों को भी बुलाना पड़ा। विपक्ष ने 28 अक्टूबर से रुक-रुक कर राष्ट्रव्यापी परिवहन नाकाबंदी जारी रखी जिससे आपूर्ति प्रणाली बाधित हुई। पिछले दो सप्ताह में राजनीतिक हिंसा में एक पुलिसकर्मी समेत कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। विरोध प्रदर्शन के दौरान 200 से अधिक लोग घायल हो गए और दर्जनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए या उनमें आग लगा दी गई। देशव्यापी कार्रवाई में बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर समेत करीब 8,000 विपक्षी नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है।

## आईओएफएस के अधिकारियों और आईडीएएस के प्रोबेशनर ने राष्ट्रपति से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** भारतीय आयुध निर्माणी सेवा (आईओएफएस) के अधिकारियों और भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के प्रोबेशनर ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे ऐसे समय में उनकी सेवाओं में शामिल हुए हैं, जब देश स्थानीय और वैश्विक स्तर पर व्यापक परिवर्तन के दौर से गुजर रहा है। नई प्रौद्योगिकियों के उद्भव और नवीनतम तकनीकों और सूचनाओं के दुनिया के हर हिस्से में तेजी से फैलने के साथ एक विकसित राष्ट्र के निर्माण और भारत को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में उनकी भूमिका और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। उन्होंने कहा कि युवा अधिकारियों के विचार, निर्णय और कार्य रक्षा प्रणालियों और देश के भविष्य को आकार देने में बड़े पैमाने पर योगदान देंगे। भारतीय आयुध निर्माणी सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि भारत एक समावेशी और विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को प्राप्त करने की यात्रा पर निकल पड़ा है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर, प्रतिस्पर्धी और मजबूत अर्थव्यवस्था बनाने में स्वदेशी उद्योगों की बहुत बड़ी भूमिका है। सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाए हैं। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि आईओएफएस अधिकारी रक्षा प्रणालियों में स्वदेशीकरण के प्रेरक और सूत्रधार होंगे और उनसे भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में काम करने की उम्मीद की जाएगी। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत का रक्षा निर्यात वित्त वर्ष 2013-14 में 686 करोड़ रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2022-23 में लगभग 16,000 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि यह जरूरी है कि आईओएफएस अधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए विकास कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लें और भारत को रक्षा विनिर्माण केंद्र बनाने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाएं। राष्ट्रपति ने भारतीय रक्षा लेखा सेवा के अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि वे देश के सशस्त्र बलों के वित्तीय पहलुओं के प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे रक्षा क्षेत्र के भीतर कुशल वित्तीय प्रबंधन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अपनी पेशेवर ईमानदारी और अपने मजबूत प्रशिक्षण मॉड्यूल के आधार पर, आईडीएएस अधिकारी रक्षा बलों में वित्तीय विवेक को बढ़ावा देने और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने में सक्षम होंगे। राष्ट्रपति ने उनसे रक्षा प्रणालियों के कामकाज में अधिक पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के लिए ऑडिटिंग और अकाउंटिंग के लिए नवीनतम तकनीकों और तरीकों को अपनाने का आग्रह किया।

## चीन ने विदेशी जमीन का एक इंच भी नहीं कब्जाया: अमेरिका में जिनपिंग बोले- हमारी वजह से कभी नहीं छिड़ी जंग



**सैन फ्रांसिस्को।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि चीन ने स्थापना से लेकर आज तक किसी विदेशी जमीन के एक इंच पर भी कब्जा नहीं किया है। साथ ही चीन की वजह से आज तक किसी जंग की शुरुआत नहीं हुई। जिनपिंग एशिया-पैसेफिक इकोनॉमिक को-ऑपरेशन (APEC) समिट के लिए अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में मौजूद थे। इस दौरान अमेरिका-चीन बिजनेस काउंसिल के एक डिनर में उन्होंने ये बात कही। जिनपिंग ने आगे कहा- चीन चाहे विकास के किसी भी स्तर तक पहुंचे, हम कभी भी कहीं पर कब्जे की कोशिश नहीं करेंगे। हम कभी भी दूसरों पर अपनी मर्जी नहीं थोपेंगे। चीन अपना दबदबा नहीं बढ़ाना चाहता है और हम किसी के साथ जंग नहीं लड़ेंगे।

**चीन के राष्ट्रपति बोले- अमेरिका की तरक्की से खुशी होगी-** अमेरिका-चीन के रिश्तों पर बात करते हुए शी ने कहा- दुनिया को जरूरत है कि चीन और अमेरिका मिलकर काम करें। हमें किसी खतरे के तौर पर नहीं देखा जाना चाहिए। अपने फायदे और चीन के नुकसान के लिए काम करना गलत है। जिनपिंग ने ये विश्वास दिलाने की कोशिश की कि चाहे दुनिया में कोई भी बदलाव आए, लेकिन अमेरिका-चीन के बीच शांतिपूर्ण रिश्ते कभी नहीं बदलेंगे। जिनपिंग ने बिजनेस काउंसिल से आगे कहा- चीन कभी अमेरिका के खिलाफ काम नहीं करता है। हमारा मकसद अमेरिका को चुनौती देना या उसकी जगह लेना नहीं है। हमें एक ऐसे अमेरिका को देखकर बेहद खुशी होगी, जिसमें आत्मविश्वास है और जो लगातार विकास कर रहा है। इसी तरह अमेरिका को भी चीन के अंदरूनी मानलों में दखल नहीं देना चाहिए। हमें मिलकर एक शांति, स्थिर और समृद्ध चीन का स्वागत करना होगा। साल 2020 में गलवान झड़प के बाद से चीन लगातार LAC पर मौजूदा हालात को बदलने की कोशिश करता रहा है। वो LAC के इस पार भारत के हिस्से को अपना बताता है। दोनों पक्षों ने गलवान झड़प का केंद्र रहे पैट्रोलिंग पॉइंट 15 पर सैनिकों की तैनाती बढ़ाई है। 2020 के बाद से हथियारों के साथ करीब 50 हजार भारतीय जवानों की तैनाती LAC के पास की गई है, जिससे चीन भारत की जमीन पर कब्जा न कर सके।

**अरुणाचल प्रदेश को अपना बताया; कई देशों से जमीन पर विवाद-** इसी साल 28 अगस्त को चीन ने अपने ऑफिशियल मैप में अरुणाचल प्रदेश, अक्साई चिन, ताइवान और साउथ-चाइना सी को अपना क्षेत्र बताया था। इससे पहले चीन ने अप्रैल 2023 में अपने नक्शे में अरुणाचल प्रदेश की 11 जगहों के नाम बदल दिए थे। चीन ने पिछले 5 साल में तीसरी बार ऐसा किया है। इसके पहले 2021 में चीन ने 15 जगहों और 2017 में 6 जगहों के नाम बदले थे। इसके अलावा चीन का ताइवान और साउथ चाइना सी को लेकर फिलिपीन्स, वियतनाम, मलेशिया से भी विवाद रहता है।

**अरुणाचल और अक्साई चिन पर भी विवाद-** दोनों देशों में 3488 किलोमीटर लंबी LAC (लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल) को लेकर विवाद है। हालांकि, चीन अरुणाचल प्रदेश वाले हिस्से को भी विवादित मानता है। अरुणाचल प्रदेश की 1126 किलोमीटर लंबी सीमा चीन के साथ और 520 किलोमीटर लंबी सीमा के साथ मिलती है। चीन का दावा है कि अरुणाचल पारंपरिक तौर पर दक्षिणी तिब्बत का हिस्सा है, वहीं भारत अक्साई चिन इलाके को अपना बताता है। 1962 के युद्ध में चीन ने अक्साई चिन वाले हिस्से पर कब्जा कर लिया था।

## भारत में जल, जंगल, जमीन ही नहीं, गो संरक्षण भी जरूरी: डॉ. रविकांत पाठक



**नई दिल्ली।** भारत में जल, जंगल और जमीन के मुद्दों के साथ गो संरक्षण अहम मसला है। गो संरक्षण से इन सभी का समाधान संभव है। यह बात भारत उदय : द राइज ऑफ भारत मूवमेंट के संस्थापक और स्वीडन के गोथनबर्ग विश्वविद्यालय में वायुमंडलीय वैज्ञानिक और एसोसिएट प्रोफेसर (डॉ.) रविकांत पाठक ने कही। स्वीडन से बुंदेलखंड के संक्षिप्त प्रवास पर पहुंचे डॉ. पाठक ने नई दिल्ली में 'हिन्दुस्थान समाचार' से इन मुद्दों पर बातचीत की। उनके भीतर जैविक खेती से जल, जंगल और जमीन बचाने की लौ धधक रही है। वह इस समय दुनिया के पहले जल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए बेचैन हैं। इस विश्वविद्यालय की स्थापना उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड में करने की घोषणा वह पहले ही कर चुके हैं। बुंदेलखंड के हमीरपुर जिले के छेड़ी बसायक गांव में जन्मे पाठक ने आईआईटी मुंबई से लेकर हांगकांग, अमेरिका और स्वीडन तक का सफर तय किया है। फिलहाल वह स्वीडन में रहते हैं, मगर उनका दिल भारत के लिए धड़कता है। वह खेती और उसकी उर्वरता, गोशाला, आहार, आरोग्य से आगे की बात करते हैं। वह बच्चों में राष्ट्रीय चरित्र और नेतृत्व गढ़ने की बात करते हैं। उनका दृढ़ विश्वास है कि अगर खेती रहेगी, तो वन रहेगा। भू-जल बचेगा, गायों की रक्षा होगी, हरियाली रहेगी और प्रदूषण खत्म होगा। वह कहते हैं कि भारत उदय गुरुकुल की परियोजना बच्चों को आर्थिक आत्मनिर्भर बनाने के साथ नैतिकता का पाठ पढ़ाकर उन्हें विश्व नागरिक बनाने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा कि, साल में दो-चार बार उत्तर प्रदेश आने पर सड़कों पर घूम रही लावारिस गायों और बैलों को देखकर पीड़ा होती है। यह मुद्दा विधानसभा चुनाव में भी गूंज चुका है। हालांकि यह मुद्दा देशव्यापी है, फिर भी भारत उदय प्रथम चरण में उत्तर प्रदेश के हर जिले में गाय अभयारण्य की स्थापना के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि इन्हें गतिशील केंद्रों के रूप में डिजाइन किया गया है। यह केंद्र शहरी और ग्रामीण हितों में सामंजस्य स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। सड़कों पर घूम रहे गोधन के लिए यह केन्द्र आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आश्रय स्थल होंगे। इनके गोबर से जैव-सीएनजी का उत्पादन कर ऊर्जा संकट से देश को उबारने की कोशिश की जाएगी। दूध एवं डेयरी उत्पादन केंद्र स्थापित कर स्थानीय लोगों को रोजगार दिया जाएगा। इससे निश्चिततौर पर क्षेत्र की सामाजिक और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

## हमास ने अपहृत इजराइली महिला येहुदित वीस को मारा, आईडीएफ ने बरामद किया शव



**तेल अवीव/यरुशलम।** फिलिस्तीन के आतंकवादी संगठन हमास ने सात अक्टूबर को इजराइल में हमलाकर बंधक बनाए गए 240 लोगों में से येहुदित वीस नामक महिला की हत्या कर दी है। गाजा के सुरक्षाबलों ने युद्ध के 42वें दिन शुक्रवार को यह दावा किया। गाजा पट्टी में अल शिफा अस्पताल में इजराइल के धावे के बीच उस मीडिया रिपोर्ट्स में इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) के हवाले से यह जानकारी दी गई। आईडीएफ ने कहा है कि गाजा पट्टी में 65 वर्षीय येहुदित को सात अक्टूबर के हमले के दौरान हमास के आतंकवादियों ने दक्षिणी इजराइल के किबुत्ज बेरी स्थित उनके घर से सात अक्टूबर को उनका अपहरण किया गया था। इस दौरान हमास ने उनके पति श्मुलिक वीस की हत्या कर दी थी। येहुदित वीस पांच बच्चों की मां थीं और किंडरगार्टन में काम करती थीं। बाद में आतंकवादियों ने गाजा पट्टी में येहुदित की हत्या कर दी। उसका शव अल शिफा अस्पताल से सटी एक इमारत में मिला है। अफसोस है कि सुरक्षाबल समय रहते उस तक नहीं पहुंच पाए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इजराइली सैनिक अल शिफा अस्पताल में मौजूद हैं। हमास के गुप्त ठिकानों पर धावा बोला गया है। एक अन्य रिपोर्ट में कहा गया है कि इस अस्पताल परिसर के आसपास ईरान समर्थित सशस्त्र समूह फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद की सैन्य शाखा इजराइली सुरक्षाबलों को चुनौती दे रही है।

## पाकिस्तान और रूस आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने के लिए मिलकर काम करेंगे



**इस्लामाबाद।** अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद और सुरक्षा की अन्य चुनौतियों से निपटने पर पाकिस्तान-रूस संयुक्त कार्य समूह की दसवीं बैठक गुरुवार को इस्लामाबाद में आयोजित की गई। दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान, मध्य और दक्षिण एशिया और उत्तरी अफ्रीका की स्थितियों पर विशेष ध्यान देने के साथ वैश्विक और क्षेत्रीय आतंकवादी खतरों पर विस्तार से चर्चा की। संवाद ने आतंकवाद परिदृश्य की जटिलता और निरंतर सतर्कता की आवश्यकता पर जोर दिया। बैठक की सह-अध्यक्षता पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के अतिरिक्त विदेश सचिव, राजदूत सैयद हैदर शाह और रूसी संघ के उप विदेश मंत्री, राजदूत सर्गेई वर्शिनिन ने की। दोनों पक्षों ने आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने और आतंकवाद-निरोध के अन्य प्रमुख क्षेत्रों में मिलकर काम करने का संकल्प लिया। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि दोनों पक्षों ने आतंकवाद से निपटने के लिए अपनी-अपनी राष्ट्रीय रणनीतियों और उपायों की रूपरेखा तैयार की। पाकिस्तान और रूस ने आतंकवाद के खिलाफ व्यापक लड़ाई में राष्ट्रीय प्रयासों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने अनुभव और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा किया। यह बैठक पाकिस्तान-रूस द्विपक्षीय आतंकवाद विरोधी सहयोग की पृष्ठभूमि में नियमित आदान-प्रदान का हिस्सा थी।

## कुलगाम मुठभेड़ में पांच आतंकवादी ढेर, हथियार व गोलाबारूद बरामद



**कुलगाम।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दूसरे दिन शुक्रवार को पांच आतंकियों को मार गिराया है। सुरक्षाबलों का अभियान अभी अंतिम चरण में है। मुठभेड़ स्थल से हथियार व गोला-बारूद बरामद किया गया है। मारे गए आतंकियों की पहचान के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। कुलगाम जिले के समनू गांव में गुरुवार दोपहर मुठभेड़ शुरू हुई थी। पुलिस, सेना की 34 आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने विशेष सूचना पर कुलगाम के समनू गांव की घेराबंदी और अभियान शुरू किया था। इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हुई। रात में अंधेरे के कारण अभियान को रोक दिया गया, लेकिन इस दौरान सुरक्षाबलों ने आतंकियों की घेराबंदी और सख्त कर दी।

# श्रेयस अय्यर भारत के लिए गेम चेंजर: गौतम गंभीर

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम ने अपने बेहतरीन खेल के दम पर वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में अजेय रहते हुए जगह बनाई और अब वह तीसरी बार चैंपियन बनने से सिर्फ एक कदम दूर है। भारत को विश्वविजेता बनने के लिए पांच बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को धराशाई करना होगा। इस वर्ल्ड कप में भारत ने फाइनल से पहले 10 मैच खेले और सभी मैचों में टीम को जीत मिली। इस जीत में टीम के बल्लेबाजों व गेंदबाजों का जबरदस्त योगदान रहा जिसमें रोहित शर्मा, विराट कोहली, केएल राहुल, शुभमन गिल, मो. शमी जैसे खिलाड़ी शामिल हैं, लेकिन गौतम गंभीर ने इस खिलाड़ी को बड़ा गेम चेंजर बताया। गौतम गंभीर ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा कि मेरे लिए श्रेयस अय्यर सबसे बड़े गेम चेंजर रहे हैं। वह चोटिल थे और फिर अपनी जगह के लिए संघर्ष किया और नॉकआउट मैच में 70 गेंदों पर शतक लगाया जो अपने आप में अविश्वनीय है। वह फाइनल में भी भारत के की-प्लेयर होंगे जब ग्लेन मैक्सवेल और एडम जंपा गेंदबाजी करेंगे। आपको बता दें कि श्रेयस अय्यर ने इस वर्ल्ड कप में भारत के लिए अब तक खेले 10 मैचों में 2 शतक और 3 अर्धशतक की मदद से 526 रन बनाए हैं। वह सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और रोहित शर्मा के बाद चौथे ऐसे भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने भारत की तरफ से वर्ल्ड कप के एक सीजन में 500 से ज्यादा रन बनाए हैं। श्रेयस अय्यर ने इस वर्ल्ड कप के पिछले 4 मैचों में 82, 77, नाबाद 128 और 105 रन की पारी खेली है। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में बैक-टू-बैक शतक लगाने की उपलब्धि भी अपने नाम दर्ज कर ली। वहीं उन्होंने अपने पहले वनडे वर्ल्ड कप में ही सेमीफाइनल मुकाबले में शतक लगाने का कमाल किया और वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भारत की तरफ से गांगुली और कोहली के बाद शतक लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज भी बने। वह इंजरी की वजह से क्रिकेट के मैदान से लगभग 6 महीने तक दूर रहे थे और एशिया कप 2023 के जरिए उन्होंने मैदान पर वापसी की थी।



# विश्व कप क्वालिफायर के दूसरे राउंड में भारत ने जीत से की शुरुआत, कुवैत को 1-0 से हराया



**कुवैर्त, एजेंसी।** विश्व कप 2026 क्वालिफायर का दूसरा राउंड एएफसी एशियन कप 2027 के लिहाज से भी काफी अहम है। अंक तालिका में शीर्ष दो पर रहने वाली टीम सीधे एएफसी एशियन कप 2027 में पहुंच जाएगी। फीफा विश्व कप 2026 क्वालिफायर के दूसरे राउंड में भारतीय टीम ने गुरुवार (16 नवंबर) को जीत से शुरुआत की। उसने कुवैत सिटी के जाबेर अल-अहमद अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में कुवैत को 1-0 से हरा दिया। पहले हाफ में मैच 0-0 की बराबरी पर रहा था। इसके बाद दूसरे हाफ में टीम इंडिया ने शानदार प्रदर्शन किया और कुवैत पर लगातार दबाव बनाए रखा। मनवीर सिंह ने 75वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद मैच में कोई गोल नहीं हुआ। विश्व कप 2026 क्वालिफायर का दूसरा राउंड एएफसी एशियन कप 2027 के लिहाज से भी काफी अहम है। अंक तालिका में शीर्ष दो पर रहने वाली टीम सीधे एएफसी एशियन कप 2027 में पहुंच जाएगी। भारत ने मैच में जीत के साथ ही तीन अंक हासिल कर लिए और वह अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। कतर ने अफगानिस्तान को हराकर भी तीन अंक हासिल किए हैं। वह बेहतर गोल अंतर के आधार पर अंक तालिका में शीर्ष पर है। कतर ने ग्रुप के अन्य मैच में गुरुवार को अफगानिस्तान को 8-1 से हराया।

### भारत की कुवैत पर दूसरी जीत

भारत और कुवैत के बीच यह छठा मुकाबला था। भारत ने उसे दूसरी बार हराया है। कुवैत को भी दो बार जीत मिली है और दो मुकाबले ड्रॉ रहे हैं। भारत विश्व कप 2026 क्वालिफायर के दूसरे राउंड में अपना दूसरा मैच 21 नवंबर को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में कतर के खिलाफ खेलेगा। यह मैच टीम इंडिया के लिए काफी कठिन होगा।

# एसबीआई जल्द ही सिंगापुर और अमेरिका में 'योनो ग्लोबल एप करेगा पेश




**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जल्द ही सिंगापुर और अमेरिका में अपनी बैंकिंग मोबाइल एप 'योनो ग्लोबल पेश करेगा, जो उसके ग्राहकों को डिजिटल प्रेषण तथा अन्य सेवाएं प्रदान करेगी। डिप्टी एमडी (आईटी) विद्या कृष्णन ने सिंगापुर फिनटेक महोत्सव (एसएफएफ) से इतर कहा, ''हम सर्वोत्तम उपलब्ध सेवाएं प्रदान करने के लिए 'योनो ग्लोबल में निवेश करना जारी रख रहे हैं। हम अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव देना चाहते हैं। तीन दिवसीय सिंगापुर फिनटेक महोत्सव (एसएफएफ) का समापन 17 नवंबर को होगा। कृष्णन ने सिंगापुर स्थित डिजिटल मंच समर्थकों के साथ-साथ स्थानीय नियामक तथा केंद्रीय बैंक, सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) के साथ भी बातचीत की। उन्होंने कहा, ''सिंगापुर में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या को देखते हुए हम भारत और सिंगापुर के बीच प्रेषण पर लगातार काम कर रहे हैं। एसबीआई वर्तमान में नौ देशों में 'योनो ग्लोबल सेवाएं प्रदान करता है। इसकी शुरुआत सितंबर 2019 में ब्रिटेन से की गई थी। एसबीआई की विदेशी परिचालन की 'बैलेंस शीट करीब 78 अरब अमेरिकी डॉलर की है।

# अगले दो महीने तक मैदान पर वापसी नहीं कर पाएंगे हार्दिक पंड्या

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या विश्व कप 2023 के लीग मैच में बांग्लादेश के खिलाफ अपनी ही गेंदबाजी के दौरान गेंद को रोकने की कोशिश में चोटिल हो गए थे। उनके टखने में चोट लग गई थी। पता चला है कि वह उसी चोट के कारण कम से कम अगले दो महीने तक मैदान पर वापसी नहीं कर पाएंगे। हार्दिक पंड्या ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर आगामी टी20 सीरीज में नहीं खेलेंगे। इंडियन एक्सप्रेस का मानना है कि उनके साउथ अफ्रीका में तीन टी20 और तीन वनडे मैच के सीरीज से भी बाहर होने की संभावना है। बांग्लादेश के सलामी बल्लेबाज लिटन दास के एक शॉट को रोकने की कोशिश में हार्दिक पंड्या ने अपना संतुलन खो दिया था। इस वजह से




पिच गिरने के दौरान दाहिना पैर खिंच गया। वह उठे, लेकिन कूबड़ के बल ही खड़े हो पाए और बहुत परेशानी में दिखे। बाद में हार्दिक पंड्या को पुनर्वास के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी ले जाया गया। इसके बाद वह मौजूदा विश्व कप से बाहर कर दिए गए। मेडिकल टीम ने अब तक यह फैसला नहीं किया है कि हार्दिक पंड्या को सर्जरी की जरुरत है या नहीं। दो हफ्ते पहले हार्दिक पंड्या को नेट्स में गेंदबाजी करने के लिए कहा गया था। स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोचों ने उन्हें धीरे-धीरे गति बढ़ाने की सलाह दी थी। सपोर्ट स्टाफ नहीं चाहता था कि उनके टखने पर ज्यादा दबाव पड़े। पता चला है कि हार्दिक ने जो पहली तीन गेंदें फेंकी तो उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई। उन्होंने अगली गेंद पर स्पीड बढ़ाने का फैसला किया, लेकिन चौथी गेंद फेंकने के दौरान उनके पैर में थोड़ा दर्द महसूस हुआ। हार्दिक ने सहयोगी स्टाफ को अपने दाहिने टखने में महसूस हो रहे दर्द के बारे में बताया। इसके बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) की मेडिकल टीम ने एक और दौर का स्कैन कराने का फैसला किया। इसके बाद हार्दिक पंड्या ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर संदेश लिखा था, 'इस तथ्य को पचाना मुश्किल है कि मैं विश्व कप के शेष मुकाबलों में खेलने से चूक गया। मैं पूरी भावना के साथ टीम के साथ रहूंगा और हर मैच की हर गेंद पर उनका उत्साहवर्धन करूंगा। सभी की शुभकामनाओं, प्यार और समर्थन के लिए धन्यवाद, यह अविश्वसनीय है। यह टीम विशेष है और मुझे यकीन है कि हम सभी को गौरवान्वित करेंगे। प्यार, हमेशा।'

# सेमीफाइनल में हार के बाद विलियमसन ने कहा, टीम के प्रयासों पर गर्व है

**मुंबई, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में 2019 की तरह यादगार जीत दर्ज नहीं कर सकी, लेकिन न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन को अंत तक लड़ाई में बने रहने और एक टीम के रूप में आगे बढ़ने के अपने प्रयास पर गर्व है।



न्यूजीलैंड ने केन विलियमसन और तेज गेंदबाज टिम साउदी की चोटों से उबरते हुए अंतिम चार चरण में जगह बनाई थी। हालांकि, टूर्नामेंट में यह टीम अपने खिलाड़ियों की चोटों से कई बार परेशान दिखी लेकिन बावजूद इसके वो सेमीफाइनल में पहुंचने में कामयाब रही। बुधवार को वानखेड़े में खेले गए पहले सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड रोहित शर्मा की टीम के शानदार प्रदर्शन के सामने हार गए।पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 397/4 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में विलियमसन (69) और डेरिल मिशेल (134) की दमदार पारी ने न्यूजीलैंड को मैच में काफी आगे कर दिया लेकिन भारतीय गेंदबाजों के आगे कीवी टीम 327 रन पर सिमट गई। मैच के बाद विलियमसन ने कहा, सबसे पहले भारत को बधाई। उन्होंने बहुत अच्छा खेला, शायद टूर्नामेंट का उनका सर्वश्रेष्ठ मैच। 400 रन का लक्ष्य कठिन है लेकिन टीम ने लड़ाई लड़ी जिस पर हमें गर्व है। टूर्नामेंट में बाहर होना निराशाजनक है लेकिन टीम के प्रयास पर बहुत गर्व है। पिछले सात हफ्तों से टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। साथ ही उन्होंने अविश्वसनीय योगदान के लिए अपने खिलाड़ियों की सराहना की। खासकर रचिन रवींद्र और मिचेल ने इस टूर्नामेंट में जिस तरह से बल्लेबाजी की उसके लिए कप्तान ने उनकी सराहना की।

# ट्रैविस हेड को गेंदबाजी में उतारना कमिंस का स्मार्ट फैसला था : पेन

**कोलकाता, एजेंसी।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर टिम पेन ने गुरुवार को ईडन गार्डन्स में आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे सेमीफाइनल में गेंदबाजी आक्रमण में ट्रैविस हेड को शामिल करने के साहसी फैसले के लिए पैट कमिंस की सराहना की है। । जब दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 4/111 था तब कमिंस ने हेड को आक्रमण में लगाया, डेविड मिलर (नाबाद 48) और हेनरिक क्लासेन (नाबाद 39) ने उनके शीर्ष क्रम के संघर्ष के बाद साझेदारी स्थापित की। दक्षिण अफ्रीका ने खराब शुरुआत की थी और उसका स्कोर एक समय शुरू में 4/24 रन हो गया था।

हेड ने क्लासेन को 47 रन पर आउट किया और फिर अगली ही गेंद पर गोल्डन डक पर मार्को जानसन का विकेट हासिल कर लिया। हेड ने अपने पांच ओवरों में 2/2 के आंकड़े के साथ समापन किया क्योंकि आस्ट्रेलियाई टीम ने दक्षिण




अफ्रीका को 212 रन पर आउट कर दिया। पेन ने एसईएन मॉर्निंग्स पर कहा, जब वह ट्रैविस हेड को लेकर आए, तो यह एक साहसी कदम था क्योंकि हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर अंदर थे और वे थोड़ी साझेदारी बना रहे थे।

वे संभवतः स्पिन के सबसे खतरनाक और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से दो हैं।

पैट कमिंस के लिए हेडी को गेंद देना, मेरा मतलब है, हेडी गेंदबाजी कर सकता है, उसके पास कुछ कौशल है, वह एक ऑफ स्पिनर की तरह गेंदबाजी करता है, लेकिन वह ऐसी गेंदें फेंक सकता है जो बहुत अच्छे खिलाड़ियों को आउट कर सकती हैं और हमने कल रात यह देखा। पेन ने इस बात पर जोर दिया कि कमिंस यहां असली हीरो हैं। वह वही है जिसने मैच की गर्मी के दौरान तीव्र दबाव में महत्वपूर्ण निर्णय लिया। पेन ने कहा, हम पहले हंस रहे थे क्योंकि सोशल मीडिया पर सबसे बड़ी चीजों में से एक जो कल रात उठाई गई थी वह यह थी कि रिकी पोंटिंग और आरोन फिंच कमेंट्री बॉक्स में बैठे थे और कह रहे थे, ओह, मुझे लगता है कि यह एक अच्छा समय होगा संभावित रूप से ट्रैविस हेड से गेंदबाजी कराना। यह सोशल मीडिया पर कहानी बन गई, न कि तथ्य यह है कि पैट कमिंस - वह व्यक्ति जो गुस्से में था और जिसने ट्रैविस हेड को लाने का निर्णय लिया था - उसे उतना श्रेय नहीं मिला जितना मैंने सोचा था कि उसे मिलना चाहिए था। मुझे लगा कि यह एक सुपर कॉल थी, यह एक साहसिक कॉल थी और इसका फल मिला। जाहिर तौर पर ट्रैविस हेड ने उसके लिए काफी कुछ किया। ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण अफ्रीका को 3 विकेट से हराकर 19 नवंबर को भारत के खिलाफ फाइनल में प्रवेश किया।

# ऑपरेशन के दौरान पेट में छोड़ दिया था धागा, उपभोक्ता फोरम ने डॉक्टर पर लगाया 2 लाख का जुर्माना

**रेवाड़ी, एजेंसी।** महिला के ऑपरेशन के दौरान उसके पेट में धागा छोड़ देने पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम ने आरोपी डॉक्टर पर 2 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। गांव देहलावास की अंजू ने फैमिली प्लानिंग का ऑपरेशन दो बच्चों के बाद कराया हुआ था लेकिन उनकी एक पुत्री का निधन हो गया था। उसने हुए ऑपरेशन को खुलवाने के लिए बीएमजी मॉल के समीप स्थित मिशन अस्पताल से संपर्क साधा। अंजू को 3 से 5 अक्तूबर 2016 तक अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया गया और उनके फैमिली प्लानिंग ऑपरेशन को खोल दिया गया। इस दौरान डॉक्टर ने कहा कि ऑपरेशन सफल रहा है और अब वह गर्भधारण कर सकेंगी। करीब 2 साल तक अंजू को पेट में असहनीय पीड़ा होती रही और उन्हें गर्भ भी धारण नहीं हुआ। इसके बाद उन्होंने अपने पति के साथ शहर के एक चिकित्सक से सलाह ली और अल्ट्रासाउंड कराया। इस अल्ट्रासाउंड से पता चला कि




ऑपरेशन के समय उसके पेट में धागा रह गया था। पेट में दर्द व गर्भ धारण इसी कारण से नहीं हो रहा था।

इस भारी लापरवाही की शिकायत उसके पति ने डॉक्टर के खिलाफ पुलिस में दी। सरकारी अस्पताल की एक टीम ने पूरी शिकायत पर जांच की। इस जांच में उन्होंने कुछ गलत नहीं पाया। जब उन्हें कोई न्याय नहीं मिला तो एक याचिका जिला उपभोक्ता संरक्षण फोरम में 31 नवंबर 2018 में दायर की। इसका निपटारा करते हुए फोरम के अध्यक्ष संजय कुमार खंडूजा एवं सदस्य राजेंद्र प्रसाद ने अपने संयुक्त निर्णय में स्पष्ट किया कि चिकित्सा की लापरवाही इस पूरे मामले में साफ साबित हो रही है। चिकित्सक ने शिकायतकर्ता को डिस्चार्ज समरी ही नहीं दी थी। बेंच ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि चिकित्सक ने लापरवाही पूर्ण कार्य किया है, जिसके चलते अंजू को असहनीय पीड़ा एवं मानसिक रूप से प्रताड़ना झेलनी पड़ी। फोरम ने अपने आदेश में डॉक्टर पर 2 लाख रुपए का जुर्माना व 11 हजार रुपए वाद खर्च पीड़ित को देने के लिए कहा।

# महंगाई से राहत तो मिली लेकिन अभी खतरा नहीं टला: आरबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि देश को महंगाई के मोर्चे पर राहत जरूर मिली है लेकिन अभी खतरा नहीं टला है। हमें लंबा सफर तय करना है। अभी मुश्किलों का दौर टला नहीं है। दुनियाभर में बने हालातों के चलते कीमतों पर संकट बना हुआ है। हालांकि, त्योहारों के दौरान मांग बढ़ने से अक्टूबर-दिसंबर की तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर बेहतर रहने की पूरी उम्मीद है। आरबीआई ने अपने नवंबर बुलेटिन में बताया कि सितंबर में रिटेल महंगाई करीब 5 फीसदी और अक्टूबर में 4.87 फीसदी रही।




बुलेटिन के 'स्टेट ऑफ द इकोनॉमी' लेख में आरबीआई ने बताया कि भले ही महंगाई दर में कमी आई हो। मगर, अभी भी यह हमारे लक्ष्य 4 फीसदी से ज्यादा है 2022-23 में महंगाई दर 6.7 और जुलाई-अगस्त 2023 में 7.1 फीसदी तक पहुंच गई थी। केंद्रीय बैंक आरबीआई को पूरी उम्मीद है कि चालू वित्त वर्ष में महंगाई दर 5 फीसदी के आसपास रहेगी।

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, अनाज और दाल कीमतों में इजाफा हुआ है जबकि खाद्य तेल की कीमतों में नरमी आई है। भारत की तरक्की में घरेलू मांग का बड़ा हाथ है। यही वजह है कि बाहर से आ रही चुनौतियां हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पा रही हैं। निर्यात में कमी के बावजूद अर्थव्यवस्था और महंगाई के मोर्चे पर कोई नुकसान देने वाला प्रभाव नहीं दिख रहा। हालांकि, दुनियाभर में मंदी के चलते मांग घटने से आर्थिक गतिविधियों पर असर पड़ सकता है। साथ ही महंगाई में भी तेजी आ सकती है। आरबीआई ने कहा कि इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार के ध्यान, खर्चों में बढ़ोतरी, डिजिटलाईजेशन और लोकल प्रोडक्ट को बढ़ावा मिलने से स्थिति में सुधार आया है। देश का चालू खाता घाटा और विदेशी मुद्रा भंडार बेहतर स्थिति में है। रुपए की कीमतों में आई स्थिरता से भी सकारात्मक फर्क पड़ा है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। ग्लोबल रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने भी हाल ही में जारी रिपोर्ट में कहा था 2023 से 2026 तक देश की जीडीपी में सालाना 6 से 7.1 फीसदी की वृद्धि होगी। साथ ही दुनिया के हालातों का भारतीय जीडीपी पर कम असर पड़ेगा।

# सनातन अर्थव्यवस्था का 25 लाख करोड़ रुपये का कारोबार, कुल खर्च 100 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, एक मोटे अनुमान के अनुसार देश भर में लगभग 10 लाख से अधिक मंदिर हैं। वहां प्रतिदिन लोगों द्वारा बड़ा खर्च किया जाता है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में तीर्थ स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं द्वारा किए गए खर्चों को जोड़ दें, तो यह आंकड़ा सनातन अर्थव्यवस्था को स्वतः ही भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण बना देता है।

देशभर के बाजारों में इस बार दिवाली के त्योहारी सीजन पर हुई जबरदस्त बिक्री ने भारत की अर्थव्यवस्था को एक नया आयाम दे दिया है। कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा, त्योहारी सीजन के कारोबार ने यह साबित किया है कि भारत में मनाए जाने वाले त्योहार, देश के व्यापार एवं आर्थिक चक्र को कैसे घुमाते हैं। कैट ने इस आयाम को सनातन अर्थव्यवस्था का नाम देते हुए कहा कि देश के व्यापार के लिए त्योहारों का मनाया जाना बेहद ही महत्वपूर्ण है।



एक अनुमान के अनुसार, देश में प्रति वर्ष सनातन अर्थव्यवस्था का यह कारोबार लगभग 25 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। यह आंकड़ा, देश के कुल रिटेल कारोबार का लगभग 20 फीसदी है। यह बेहद स्पष्ट है कि भारत में त्योहार, तीर्थ आदि के कारण बहुत बड़ी धनराशि बाजार चक्र में पहुंचती है। यह राशि, दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया और राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल के मुताबिक, इस कारोबार के मद्देनजर भारत के व्यापारी वर्ष भर में होने वाले विभिन्न त्योहारों के लिए अपनी दुकानों में विशिष्ट प्रबंध करते हैं। खासतौर पर त्योहारी सीजन में बड़ा व्यापार होता है। त्योहारों से देशभर में रोजगार तथा स्व-व्यापार के बड़े अवसर भी उपलब्ध होते हैं। इसके जरिए मध्यम एवं निम्न वर्ग का आर्थिक पक्ष मजबूत होता है। एक अनुमान के अनुसार देश में प्रति वर्ष सनातन अर्थव्यवस्था का यह कारोबार लगभग 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। इसे देश के कुल रिटेल कारोबार का लगभग 20 फीसदी कहा जा सकता है। सनातन अर्थव्यवस्था की व्याख्या करते हुए दोनों व्यापारी नेताओं ने कहा, नवरात्रि से लेकर दीवाली के दिन तक देश के मेन लाइन रिटेल व्यापार में 3.75 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। वहीं देश भर में दुर्गा पूजा और इसके आस पास हुए अन्य त्योहारों में लगभग 50 हजार करोड़ का व्यापार हुआ है। गणेश चतुर्थी के दस दिवसीय समारोह के दौरान 20-25 हजार करोड़ रुपये का कारोबार देखा गया है। बतौर खंडेलवाल, यह आंकड़े तो सिर्फ 3 त्योहारों के हैं। इसी तरह से होली, जन्माष्टमी, महाशिवरात्रि और राखी जैसे अन्य ढेरों त्योहारों पर बाजारों में हुई व्यापक खरीदी को भी जोड़ा जाए, तो कई सौ लाख करोड़ रुपये, सनातन व्यापार में जुड़ जाएंगे। एक मोटे अनुमान के अनुसार देश भर में लगभग 10 लाख से अधिक मंदिर हैं। वहां प्रतिदिन लोगों द्वारा बड़ा खर्च किया जाता है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में तीर्थ स्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं द्वारा किए गए खर्चों को जोड़ दें, तो यह आंकड़ा सनातन अर्थव्यवस्था को स्वतः ही भारत के लिए बेहद महत्वपूर्ण बना देता है। इससे यह बेहद स्पष्ट है कि भारत में त्योहार, तीर्थ आदि के कारण बहुत बड़ी धनराशि बाजार में पहुंचती है। यह धन राशि दुनिया के 100 से ज्यादा देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। खंडेलवाल ने बताया, यह कोई नई व्यवस्था नहीं है, बल्कि हजारों वर्षों से चलती आ रही है। इसका केंद्र, देश के मंदिर, त्योहार एवं तीर्थ ही बनते आए हैं। यह भारतीय अर्थव्यवस्था का सबसे पुराना पहिया है जो किसी भी परिस्थिति में कभी भी नहीं रुकता।

जहां तक रोजगार का सवाल है, तो मात्र दुर्गा पूजा के समय, सिर्फ पश्चिम बंगाल में ही 3 लाख से ज्यादा कारीगरों, मजदूरों को काम मिला है। गणेश चतुर्थी, नवरात्रि, दशहरा, होली, संक्रांति आदि अन्य त्योहारों की वजह से जहां करोड़ों लोगों को रोजगार मिलता है, वहीं लाखों लोग स्वयं का छोटा-बड़ा व्यापार भी कर पाते हैं। विशेष बात यह है कि न केवल दुकानों के व्यापार को, बल्कि देश के बेहद छोटे वर्ग, स्थानीय कारीगरों, कलाकारों एवं घरेलू काम करने वाले लोगों को बड़ा व्यापार मिलता है, जिनमें से लाखों लोग ऐसे हैं, जिनकी आजीविका ही त्योहारों पर निर्भर रहती है। दोनों व्यापारी नेताओं ने कहा, बड़े आंकड़ों की बजाय यदि धनतेरस के एक दिन के व्यापार को ही देख जाये, तो भारतीय मध्यम वर्ग द्वारा एक दिन में 25,500 करोड़ रुपये का 41 टन सोना खरीदा गया था। चांदी की बिक्री 3000 करोड़ रुपये तक पहुंच गई। कार निर्माताओं ने 55000 कारों की डिलीवरी की। लगभग 5 लाख से ज्यादा स्कूटरों की डिलीवरी की गई। भरतिया एवं खंडेलवाल ने कहा, यही %सनातन अर्थशास्त्र% है, जो देश के व्यापार के लिए बेहद ही अहम है। इस गणित को समझने के लिए अर्थशास्त्री होना जरूरी नहीं है, बल्कि यह साफ दिखाई देता है।

# निर्दलीय प्रत्याशी आलोक बेनीवाल के जनसंपर्क अभियान ने पकड़ा जोर,मिल रहा है अपार-समर्थन

## शाहपुरा शहर में दिखाई दिया अटूट विश्वास अथाह प्रेम, बेनीवाल ने किया डोर टू डोर जनसपंर्क

- आलोक मय हुआ शाहपुरा स्थानीय व्यापारी वर्ग सहित वरिष्ठ गणमान्यजनों, महिलाओं,और युवाओं में देखने को मिला जबरदस्त क्रेज
- शाहपुरा कस्बे में जगह-जगह पर आमजन ने किया बेनीवाल का ऐतिहासिक स्वागत
- विकास कार्यों के दम पर आलोक बेनीवाल एक बार फिर सिलाई की मशीन के लिए मांगे वोट

### कही जेसीबी से पुष्पवर्षा तो कहीं गुड़ ,केलो,सेव ,कचौरियों मिठाइयों से तोला








शाहपुरा (खलील कुरैशी)

शाहपुरा विधायक उम्मीदवार आलोक बेनीवाल ने श्री नारायण पार्क शाहपुरा के सामने श्री नारायण दास जी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित कर शाहपुरा नगर में जनसम्पर्क कर जनता-जनार्दन से विधानसभा चुनाव हेतु आशीर्वाद लिया। इस दौरान समस्त जनता जनार्दन ने विश्वास दिया है कि विकास के नाम पर फिर से सिलाई मशीन पर मतदान करेंगे आपको बता दें कि शाहपुरा विधानसभा चुनाव में आलोक बेनीवाल ने एक बार फिर से शाहपुरा के सर्व समाज के आशीर्वाद से ताल ठोंकते हुए चुनावी मुकाबले को काफी रौचक,बनाकर मजबूती से अपनी जीत को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर रूप से शाहपुरा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों व ढाणियों तथा शाहपुरा शहर के अलावा अमरसर, देवीपुरा,बिदारा में जोरदार जनसम्पर्क एवं जनआशिर्वाद अभियान में आयोजित किया गया और शाहपुरा की जनता जनार्दन के बीच उत्साह एवं उमंग और आत्मविश्वास से जन विश्वास कार्यक्रम भी बदस्तुर जारी रहा इस मौके पर जनसम्पर्क करते हुए क्षेत्रवासियों से अपने हक़ के पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान शाहपुरा शहर में उनका स्थानीय व्यापारी वर्ग और वरिष्ठ गणमान्य जनों, महिलाओं, युवाओं में विधायक आलोक बेनीवाल के प्रति जबरदस्त जोश और आत्मविश्वास देखने को मिला गर्मजोशी से माल्यार्पण कर साफा बंधवाकर, फुलों फलों और कचौरियों मिठाइयों आदि से तोल कर ज़ोरदार अभिवादन किया गया इस दौरान जनविश्वास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आलोक बेनीवाल ने शाहपुरा अब विकास के एक नये युग में प्रवेश करने को तैयार है। इसके लिए जनता का सहयोग बे-हद आवश्यक है। अनुरूप शाहपुरा में जिले मुख्यालय के समकक्ष सभी अतिआवश्यक बेसिक सुविधाएं मौजूद है। आने वाले समय में शाहपुरा में सुविकसित आदर्श विधानसभा तर्ज पर प्रगति करेगा। बाईपास एक्सप्रैस वे गांव में आवागमन को सुगम बना रहा है। जिससे तेजी से प्रगति होगी। साथ ही शाहपुरा में आईटी सैक्टर लाने की भी तैयारी है। अबकी शाहपुरा की जनता का आर्शीवाद पुनः मिलेगा तो शाहपुरा विधानसभा अपने विकास का नया अध्याय लिखेगा इसके साथ ही यहां के युवाओं व बेरोजगारों को असीमित विकास व प्रगति केअवसर मिलेगें। जरूरत इस बात कि है कि हम एकजुटता के साथ शांति, सद्भावना व निरन्तर विकास के पथ पर आगे बढ़ेंगे। आलोक बेनीवाल का शाहपुरा शहर वासियों ने विभिन्न स्थानों पर अपार जोश, उल्लास व उत्साह के साथ जगह-जगह फूलों की बरसात कर ज़ोरदार स्वागत करते हुए प्रचण्ड बहुमत से जीत दिलाने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान मंच का सफल संचालन पूर्व जिला परिषद सदस्य महेंद्र चौधरी,द्वारा किया गया,

### ये गणमान्य सदस्य रहे मौजूद

» शाहपुरा पंचायत समिति प्रधान मंजू शर्मा,चैयरमेन बंशीधर सैनी और मनोहरपुर चैयरमेन सुनीता श्याम सुंदर प्रजापत विभिन्न ग्राम पंचायत सरपंचगण, पंचायत समिति सदस्य, वरिष्ठ एवं गणमान्य , युवा और बड़ी संख्या में मातृ शक्ति , समाजसेवी तथा शिक्षाविद, जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस प्रत्याशी डा.विकास चौधरी ने किया जनसंपर्क



**चमकता राजस्थान।** किशनगढ़!(शंकर शर्मा) किशनगढ़ ,कांग्रेस कार्यालय के चुनाव मिडिया प्रभारी रामेश्वर लाल सोलंकी ने अवगत कराया कि शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र मे डा.विकास चौधरी ने आज कांग्रेस के साथियों के साथ प्रातः मोहनपुरा गांव से जनसंपर्क का शुभारंभ किया । विकास जी चौधरी यहां से सभी साथियों सहित रहीमपुरा गांव पहुंचे जहां पर उपस्थितमहिलाओं पुरुषों ने जोरदार नारेबाजी करते हुए स्वागत किया। फिर खातोली गांव मे जनसंपर्क करते हुए रलावता गांव पहुंचे तो पूरा गांव विकास चौधरी के स्वागत के लिए उमड़ पड़ा। यहां आयोजित नुक्कड़ सभा में भी उमड़ा जन सैलाब, लोगों ने छतों पर चढ़कर भी संबोधन सुना । यहां से इसी जन सैलाब के साथ गुदली गांव और कल्याणीपुरा गांव मे जनसंपर्क करते हुए नोनंदपुरा व सलेमाबाद मे पहुचकर जनसंपर्क व नुक्कड़ सभा करके यहां से नया गांव पहुंचे, फिर नोहरिया गांव में जनसंपर्क करते हुए, पेडीभाटा गांव मे जनसंपर्क किया ।सभी स्थानों पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामवासी एवम कार्यकर्ता शामिल रहे इस दौरान इन गांवों में आयोजित नुक्कड़ सभाओ को संबोधित करते हुए डा. विकास चौधरी ने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने अपनी जनहितकारी चिरंजीवी योजना, शहरों और गांवों में किसानों को बिजली मे छूट, 500 मे गैस, युवाओं को रोजगार, मंहगाई राहत कैम्प, विद्यार्थियों को छात्रवृति सहित कई कल्याणकारी योजनाएं आम जनता को लाभ पहुचा रही है। कांग्रेस पार्टी भविष्य के लिए सातगारंटी योजनाओं की घोषणा करी है उपरोक्त सभी के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा कहा कि आप सभी से मेरा निवेदन है कि कांग्रेस को अधिक से अधिक वोट देकर, मुझे आपकी सेवा करने का अवसर दीजिए । मै आपको कभी शिकायत का मौका नहीं दूंगा ।चुनाव कार्यालय प्रभारी रामेश्वर सोलंकी ने बताया कि इस जनसमपर्क अभियान में इनके साथ ब्लाक अध्यक्ष शक्की मो, किशनगढ़ नगर अध्यक्ष मोहितखण्डेलवाल,श्रवण गुर्जर,पूर्व सभापति जगदीप गुर्जर,सुनिल सोनी , विश्राम चौधरी, कैलाश सेन, मांगीलाल मेघवंशी, जगदीश गोरा, राजेश गुर्जर एडवोकेट, हरदेव गुर्जर, प्रभु जी मेघवंशी, मदन चौधरी, जब्बार जी, रणवीर फागा, जीवनराम भाखर, ओम यादव,सुमेर चौधरी गागुन्दा, राजू यादव, राधेश्याम वैष्णव, रामस्वरूप भडाना,मदन मेघवाल, दामोदर जोरम, सत्यनारायण मेघवंशी सहित कई सरपंच , उपसरपंच,पं.समिती सदस्य व कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी साथ चल रहे थे। इनका भी जगह-जगह पर माल्यार्पण कर स्वागत सत्कार किया गया।

### मतदाताओं से मनुहार करेगी पीली चिट्ठी न्यू एरा स्कूल के बच्चे वोटर मित्र बने



**चमकता राजस्थान।** धौलपुर( रामदास तरुण) धौलपुर में 17 नवम्बर को विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत न्यू एरा पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पीली चिट्ठी का जिला निर्वाचन अधिकारी ने विमोचन किया ।जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि पीली चिट्ठी के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के लिए मनुहार किया जाएगा कि वह अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग करें और 25 नवंबर को शत प्रतिशत मतदान में अपनी भागीदारी निभाएं।उन्होंने नगर परिषद द्वारा जारी किए गए मोबाइल स्टिकर का भी विमोचन किया और कहा कि इससे लोगों में मतदान के प्रति जागरूकता का संचार होगा।

### स्वीप वोट बारात के जरिए मतदान का दिया संदेश



**चमकता राजस्थान।** भुसावर (राजवीर सिंह) कस्बा भुसावर के जगन्नाथ पहाडिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार प्रशासन द्वारा मतदाता जागरूकता को लेकर एक वोट बारात' निकाली गई। पंचायत समिति भुसावर विकास अधिकारी मोहनलाल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा भुसावर में स्वीप गतिविधि का आयोजन उपखण्ड अधिकारी हेमराज गुर्जर के नेतृत्व में किया गया। जहां कस्बा भुसावर के श्री जगन्नाथ पहाडिया राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से वोट बारात निकाली गई। जिसमें शामिल कार्मिकों के साथ साथ आमजन ने नारे लिखी तख्ती हाथ मे लेकर नारे लगाते हुए मतदाता जागरूकता के प्रति जागृत किया और आगामी 25 नवम्बर को लोकतंत्र के महापर्व में अपनी भागेदारी निभाने को लेकर अपील की। वोट बारात राजकीय विद्यालय के शुरू होकर सपाट, मुख्य बाजार, पुरानी अनाज मण्डी, कानूनगो मौहल्ला, हिण्डौन सडक मार्ग होते हुए निकाली गई। जिसका जगह जगह मतदाताओं द्वारा पुष्पवर्षा के साथ स्वागत भी किया गया।

### बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में उतर - प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहिन मायावती ने धौलपुर आकर जन सभा को संबोधित किया



**चमकता राजस्थान।** धौलपुर! (रामदास तरुण) दिनांक 17 /11 /2023 को बहुजन समाज पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने धौलपुर आकर जन सभा को संबोधित करते कहा कि बहुजन समाज पार्टी गरीबों की हितैषी रही है हम वादा करते हैं कि हमारी सरकार बनने पर शिक्षा एवं रोजगार को भडावा देगें ।और गुड्डा राज को जड़ से खत्म कर देंगे। हम जनता जनार्दन अपील करते हैं। कि धौलपुर विधानसभा से रीतेश शर्मा, बाड़ी विधानसभा क्षेत्र से पूर्व विधायक जसवंत सिंह गुर्जर, और बसेडी विधानसभा क्षेत्र से दौलत राम को भारी बहुमत से विजयी वनाबे। इसी बीच पूर्व विधायक जसवंत सिंह गुर्जर ने कहा कि गिर्राज सिंह मलिंगा बाड़ी विधायक के सभी कारनामों का पता है। हमारी सरकार आने पर एक - एक चिठ्ठा को खोल देंगे।गिर्राज सिंह मलिंगा विधायक बाड़ी को बहुजन समाज पार्टी के द्वारा चुनाव जिता कर राजा वनाया गया। राजा वनने के बाद गिर्राज सिंह मलिंगा विधायक बौखला गये। जिस हाथी ने राजा वनाया गया। वो हाथी फूल को कुचलेगा और हाथ को भी कुचलेगा। यह मेरा पूर्ण विश्वास है। आज के कार्यक्रम के मौके पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहें

## किशनगढ़ शहरी क्षेत्र में घर-घर जाकर भाजपा महिला मोर्चा एंव किशनगढ मण्डल के कार्यकताओ ने किया जनसम्पर्क

चमकता राजस्थान

किशनगढ़ (शंकर शर्मा ) किशनगढ़ भाजपा कार्यालय के चुनाव मिडिया प्रभारी सूर्य प्रकाश शर्मा व जिला भाजपा शहरव महामंत्री वेदप्रकाश दाधीच ने अवगत कराया कि शहरी क्षेत्र किशनगढ के शिवाजी नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 38,39 एंव 40 में सभापति दिनेश सिंह राठौड, मण्डल अध्यक्ष किशनगढ दिपेश गुप्ता एंव महिला मोर्चा अध्यक्ष नीतू बल्दवा व संतोष पारीक के साथ-साथ किशनगढ मण्डल के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एंव पदाधिकारियों ने घर-घर जाकर भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार भागीरथ चौधरी के पक्ष में आगामी 25 नवम्बर मतदान कर अधिक से अधिक मतो से जीताने का निवेदन किया आज शिवाजी नगर, आवासीय कॉलोनी , जीवन ज्योती नगर, हॉस्पीटल के पीछे



के क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क किया गया जनसम्पर्क के दौरान अजमेर जिला महामंत्री वेदप्रकाश दाधीच , मण्डल महामंत्री अमित अग्रवाल, पुर्व मण्डल महामंत्री प्रकाश राठी, पार्षद मनीष टेलर, विक्रम गुर्जर, तरूणा जैन, पुर्व पार्षद सविता गुप्ता, मंजु शर्मा, रेखा चौधरी, सरिता चौधरी , पुर्व पार्षद अनिल पारिक के साथ-साथ वरिष्ठ पदाधिकारी राजेन्द्र हटिला, सुशिल दाधिच तिलोनिया, नाथु जाट, अमित भण्डारी, मृदुला व्यास, नवदीप सिंह, सुवालाल कुमावत, जगदीश कोठीवाल, पीयूष कुमावत, राजेन्द्र सिंह, संतोष शर्मा , सतविभा पाराशर, शिवराम कुमावत, जब्बर सिंह, गणपत सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कल योगी जी की सभा मे संभाग प्रभारी बीरमदेव सिंह जी ने मदन साहु, महावीर गुर्जर, श्योराम गुर्जर, लक्ष्मण पहलवान, जगदीश वैष्णव, नवीन मत्तड, शंकर गुर्जर, गजानन्द सांखला, टीकम दायमा, बीरमसिंह सोलंकी, रवि लखावत, आदि को भाजपा दुप्पटा पहनाकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई ।इसी के अब पार्टी की मातृ शक्ति ने भी जिसके तहत महिला मोर्चा ने भी किया घर-घर जाकर भाजपा का चुनाव प्रचार पूरे जोरशोर के साथ प्रत्येक घर घर में कर रही है विगत दिवस को भीभारतीय जनता पार्टी किशनगढ महिला मोर्चा ने गुरूवार को वार्ड 17 फरासिया, अग्रसेन विहार क्षेत्र में घर-घर जाकर भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान कर जिताने का निवेदन किया और स्थानिय लोगो से कमल के फूल बटन दबाकर भाजपा को जिताने का आहवान करते हुये माननीय उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की विशाल आम सभा में आने हेतु वार्ड वासियों से निवेदन किया । जनसम्पर्क के दौरान पूर्व सभापति गुणमाला पाटनी, महिला मोर्चा अध्यक्ष संतोष पारिक, रेखा पारिक, बबिता शर्मा, रेखा चौधरी, भजन गायिका लक्ष्मी पारिक, सुरभि चौधरी, मीना चौधरी आदि महिला शक्ति एंव मोर्चा पदाधिकारी उपस्थित रही।

### जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार अग्रवाल एवं ऑब्जर्वर विधान सभा चुनाव सामान्य पर्यवेक्षक ने द्वितीय प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया



**चमकता राजस्थान।** धौलपुर (रामदास तरुण) धौलपुर के महाराणा स्कूल में द्वितीय प्रशिक्षण शिविर में पहुंचकर लिया जाएगा। आईएएस अधिकारी इंद्रेश्वर कलिता एवं सामान्य पर्यवेक्षक भोस्कर विलास संदीपन एवं जिला पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार ने मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण शिविर का महाराणा स्कूल धौलपुर पहुंचकर लिया जायजा प्रशिक्षण शिविर में मतदान दलों के कार्मिकों को आवश्यक रूप से अपनी शंका समाधान करने के निर्देश दिएमतदान दलों को सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण देने के लिए दक्ष प्रशिक्षकों को निर्देश देकर मतदान संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए और भयमुक्त, निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान संपन्न कराए जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद सुदर्शन सिंह तोमर,जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार मंगल सहित अन्य आलाधिकारी मौजूद थे

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929